page 1_Layout 1 17-10-2026 21:39 Page 1



डेली आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़
» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 18 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :175 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती



वैज्ञानिक डॉ. संघमित्रा पति ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य से देश का गौरव बढ़ाया

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संघमित्रा पति ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य से देश का गौरव बढ़ाया है। 16 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2026 की स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल 22 ICMR वैज्ञानिकों में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। डॉ. संघमित्रा पति ब्लूस्क्रूमें अतिरिक्त महानिदेशक होने के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान की निदेशक भी हैं। उन्हें चिकित्सा विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान और जनस्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। सूक्ष्मजीव विज्ञान की वैश्विक रैंकिंग में उन्हें 357वां स्थान मिला है।

सार संक्षेप

अमेरिकी कंपनी निल्सन भारत को बना रही अपना प्रमुख ग्लोबल इनोवेशन सेंटर : रिपोर्ट

नई दिल्ली। अमेरिका की मीडिया एनालिटिक्स कंपनी निल्सन भारत को अपना प्रमुख ग्लोबल इनोवेशन सेंटर बना रही है। देश में कंपनी के 5,000 से अधिक कर्मचारी हैं, जो उसके दुनियाभर के कुल कर्मचारियों का लगभग आधा हिस्सा हैं। बेंगलुरु कंपनी का सबसे बड़ा केंद्र है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मनीकंट्रोल का हवाला देते हुए डेली सन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि निल्सन के ग्लोबल इनोवेशन का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा अब भारत से आता है। कंपनी ने यहां विज्ञापन संबंधी जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को स्वचालित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया है।

ऑनलाइन सट्टेबाजी और साइबर ठगी सिंडिकेट पर ईडी का शिकंजा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोन-2 ने बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग और साइबर धोखाधड़ी से जुड़े सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर को मुंबई, पुणे, मेहसाणा, सूरत और हैदराबाद में 20 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। ईडी की जांच दो मामलों से जुड़ी है, जिनमें ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'ऑल पैनल एक्सचेंज' और 'एमजीएम91' के जरिए लोगों को कथित तौर पर पैसे जमा करने के लिए प्रेरित किया गया और बाद में उनके साथ धोखाधड़ी की गई।

पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने पंजाब सीएम भगवंत मान को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

डेली आवाज भारती

दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना



पंजाब। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने भगवंत मान की दीर्घायु और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी प्रार्थना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट में लिखा, ÷पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।÷ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने %एक्स% पोस्ट में कहा, ÷पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और दीर्घायु की कामना करता हूं।÷ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भगवंत मान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए %एक्स% पोस्ट में कहा, ÷पंजाब की मिट्टी से जुड़ा आपका नेतृत्व और साफ नीयत लोगों का भरोसा हर दिन मजबूत करते हैं। आम आदमी पार्टी की सोच के साथ, पंजाब को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और देश को नंबर वन बनाने के सफर में आपकी सेहत और ऊर्जा यूं ही बनी रहे।÷ राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने भी भगवंत मान को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने %एक्स% पर लिखा, ÷पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और दीर्घायु की कामना करता हूं।÷ पंजाब सरकार में मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पोस्ट किया, ÷हमारे ऊर्जावान नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपकी दूरदृष्टि और समर्पण हमें एक बेहतर पंजाब बनाने की दिशा में लगातार प्रेरित करते हैं। ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे और आपके सभी प्रयासों में आपको सफलता मिले।÷ वहीं, शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने भगवंत मान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कटाक्ष किया है। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे टू जुगनू, रात 8 बजे चीयर। जर्मन वाली ना हो तो फ्रांस उतार लियो। वेरका के सैंपल इंडिया में फेल, फ्रांस में कामयाब? झोटे की मौत का इंसाफ नहीं, पंजाबी दुख में, और ये फ्रांस में शाही ठाठ-बाट से आज जुगनू-जुगनी समेत दरबारी जन्मदिन मनाएंगे।

ग्रेटर नोएडा में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

फॉरेंसिक टीम और फूड सेफ्टी टीम ने की जांच शुरू

- फॉरेंसिक टीम और फूड सेफ्टी टीम ने मौके पर जांच शुरू कर दी है
- परिवार के पांच लोगों की मौत की खबर से इलाके में शोक का माहौल
- फूड पॉइजनिंग की आशंका, मौतों की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं

डेली आवाज भारती



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित रबूपुरा के नगला श्रीपदम गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए। इनमें पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बताया जा रहा है कि परिवार ने पिछली रात नूडल्स खाए थे। हालांकि, अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि मौतें नूडल्स खाने से ही हुई हैं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मौत की खबर से इलाके में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान महेश (37), उनकी पत्नी ललिता (35), बेटी मिष्ठी (7) और बेटों लड्डू (11) तथा साक्षत (3) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पुलिस को फूड पॉइजनिंग की आशंका है, लेकिन मौतों की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है।

फॉरेंसिक टीम और फूड सेफ्टी टीम ने जुटाए सैंपल

घटना की सूचना मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम और फूड सेफ्टी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत और सैंपल एकत्र किए। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है परिवार की मौत के पीछे कोई दूषित खाद्य पदार्थ या अन्य कारण जिम्मेदार था या नहीं।

लुधियाना पुलिस का नशा तस्करों और हत्यारोपियों पर बड़ा प्रहार

- पूर्व सरपंच नवतेज सिंह हत्याकांड में दो मुख्य आरोपी काबू

डेली आवाज भारती

3 किलो 697 ग्राम हेरोइन बरामद



लुधियाना/रवीश कपूर : लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने नशा तस्करी, संगठित अपराध और गंभीर आपराधिक वारदातों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो महत्वपूर्ण मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। एक ओर पुलिस ने अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी के मामले में 3 किलो 697 ग्राम हेरोइन बरामद की है, वहीं दूसरी ओर लाडोवाल क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई गांव माणेवाल के पूर्व सरपंच नवतेज सिंह की हत्या के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इन कार्रवाइयों को अपराधियों के नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना डिवीजन नंबर-2, लुधियाना की पुलिस ने 15 अक्टूबर 2026 को एफआईआर नंबर 206 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21/61/85 में मामला दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में निरंजन सिंह उर्फ गैरी पुत्र गुरनाम सिंह, निवासी खैहरा बेट, थाना लाडोवाल, लुधियाना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलो 697 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी नशीले पदार्थों से संबंधित मामला दर्ज है। उसके विरुद्ध 24 नवंबर 2024 को थाना राहों, जिला शहीद भगत सिंह नगर में एफआईआर नंबर 152 के तहत एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया था। पुलिस अब इस मामले में नशा तस्करी के नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है।

पूर्व सरपंच नवतेज सिंह हत्याकांड में दो मुख्य आरोपी काबू

लाडोवाल क्षेत्र में गांव माणेवाल के पूर्व सरपंच नवतेज सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में सीआईए स्टाफ, लुधियाना और थाना लाडोवाल की पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस संबंध में थाना लाडोवाल में 4 अक्टूबर 2026 को एफआईआर नंबर 167 दर्ज की गई थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 103, 324(4), 351(3), 191(3), 190 और 61(2) तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं 25/54/59 के तहत कार्रवाई की गई।

जमीन विवाद बना हत्या की जांच का अहम पहलू

पुलिस के अनुसार, करीब डेढ़ कनाल जमीन के कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद में रूर सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ राजा, मनजिंदर सिंह उर्फ गोरू और हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत सिंह के नाम सामने आए थे। जमीन संबंधी विवाद को लेकर अदालत में भी मामला विचाराधीन था। पुलिस ने 14 अक्टूबर 2026 को इन व्यक्तियों को इस हत्याकांड में आरोपी के रूप में नामजद किया। सीआईए स्टाफ की टीमों ने तकनीकी सहायता और जांच के आधार पर मामले में नामजद दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

5 करोड़ के कथित रिश्वत मामले में अमरदीप ग्रेवाल अरेस्ट, ईडी ने दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा

- पंजाबी फिल्म प्रोड्यूसर को पूछताछ के लिए ईडी मुख्यालय ले जाया गया
- 7 और 9 अक्टूबर को पेश न होने पर लुकआउट नोटिस हुआ था जारी

डेली आवाज भारती



ईडी ने 5 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत से जुड़े मामले में पंजाबी फिल्म प्रोड्यूसर अमरदीप सिंह ग्रेवाल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हिरासत में लिया है। हिरासत में लेने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए श्रेष्ठ मुख्यालय ले जाया गया। अमरदीप सिंह ग्रेवाल पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। वह ईस्ट सनशाइन प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित हैं और 'मौजां ही मौजां' तथा 'स्नोमैन' जैसी पंजाबी फिल्मों से भी उनका नाम जुड़ा रहा है।

ईडी के दो समन पर पूछताछ में नहीं हुए थे शामिल

***मीडिया** रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रेष्ठ ने अमरदीप सिंह ग्रेवाल को पूछताछ के लिए 7 अक्टूबर और फिर 9 अक्टूबर को दिल्ली स्थित मुख्यालय में पेश होने के लिए समन जारी किए थे। हालांकि, वह दोनों तारीखों पर पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए जाने और एयरपोर्ट से हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई है।*

अमेरिका में पंजाबी व्यक्ति ने की पत्नी की हत्या

अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाबी मूल के व्यक्ति ने अपनी पत्नी जैसमीन गिल की हत्या कर दी है। लाश इतनी जल चुकी थी कि उसकी पहचान कर पाना मुश्किल था। इसके बाद उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की। पुलिस को बताया कि इमिग्रेशन एजेंसी के एजेंट उसे पकड़ कर अपने साथ ले गए हैं। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से जुड़े दो ठिकानों पर छापेमारी कर सबूत जुटाए। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इसी दौरान एल्डोराडो काउंटी में पुलिस को 1 अक्टूबर को एक महिला की जली हुई लाश मिली। जिसके बाद पुलिस ने लाश को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया।



शिरोमणी अकाली दल पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में 10 नवंबर को श्री दमदमा साहिब से राज्यव्यापी यात्रा शुरू करेगा

- यात्रा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजन: शिरोमणी अकाली दल ने सभी विधानसभाओं को कवर करने के लिए राज्यव्यापी यात्रा आयोजित करने का फैसला किया है, जो 10 नवंबर को तलवंडी साबो स्थित श्री दमदमा साहिब से शुरू होगी। पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में यात्रा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसका पहला चरण 10 से 22 नवंबर तक किया जाएगा और यात्रा का दूसरा चरण श्री आनंदपुर साहिब से और तीसरा चरण श्री अकाल तख्त साहिब से शुरू किया जाएगा। सरदार सुखबीर सिंह बादल की अध्यक्षता में पार्टी के अनुसूचित जाति, पिछे ा वर्गा और यूथ विंग के साथ हुई मीटिंगों की श्रंखला का समापन करने के बाद वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किए जाने वाले मुददों पर प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया ली और साथ ही पार्टी संगठन में सुधार पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होने कहा कि इस पर विचार पार्टी की विभिन्न विंगों से प्राप्त फीडबैक को 24 अक्टूबर को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र कमेटी की अगली मीटिंग में किया जाएगा। उन्होने कहा,'' घोषणा पत्र को 1 नवंबर को जारी किया जाएगा।'' इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर मान के बहनोई अमरदीप ग्रेवाल की गिरफ्तारी से मुख्यमंत्री के आवास में हो रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश लोगों के सामने होगा। उन्होने कहा,'' भगवंत मान हों यां उनके बॉस अरविंद केजरीवाल , केंद्रीय एजेंसियां उन सभी पर शिकंजा कस रही हैं। उन सभी पर मामला दर्ज किया जाएगा और उन्हें अपने भ्रष्ट कृत्यों के परिणाम भुगतने होंगें।'' सरदार बादल ने यह भी दावा करते हुए कि नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा के कत्ल के लिए मुख्यमंत्री सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

मानसा झोटा हत्याकांड- 5 मांगों पर अड़े परिजन

5वें दिन शव नहीं लिया परिवार ने : बीजेपी अध्यक्ष ढिल्लों

- शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने परविंदर झोटा को शहीदी का दर्जा करार दिया

डेली आवाज भारती

बोले- नशा खत्म होने तक लड़ाई



SGPC अध्यक्ष अस्पताल में घायल युवक से मिले एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की हत्या मामले में अभी भी तनाव बरकरार है। परिवार ने पांचवें दिन शनिवार को धरना देते हुए शव लेने से इनकार कर दिया है। अभी तक परिवार की 5 मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। उधर एसजीपीसी और राजनीतिक दल भी उनके लिए इंसाफ की लड़ाई में खड़े होने की बात कर रहे हैं व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने परविंदर झोटा को शहीदी का दर्जा करार दिया। मानसा में परविंदर सिंह झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए लगाए गए मोर्चे में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार के साथ हमदर्दी जताई और परविंदर सिंह के परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया। इसके अलावा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी मानसा सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने झोटा हत्याकांड में घायल हुए युवक से मुलाकात कर उसका हालचाल जाना और उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इससे पहले शुक्रवार शाम पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह झोटा के परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि पार्टी संसद में झोटा हत्याकांड का मुद्दा उठाएगी। पिता भीम सिंह का कहना है कि मांगें पूरी होने के बाद ही बेटे की डेडबॉडी लेंगे। अभी तक शव का पोस्टमॉर्टम भी नहीं हुआ है। शव मानसा के सिविल अस्पताल में रखा हुआ है। इंसाफ कमेटी ने ऐलान किया कि 19 अक्टूबर को पंजाब भर में आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों के घरों का घेराव किया जाएगा।

रूस से तेल खरीद पर भारत को राहत, अमेरिका नहीं लगाएगा प्रतिबंध : अशोक सज्जनहार

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर मंडरा रहा अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा फिलहाल टल गया है। पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार ने स्पष्ट किया कि 18 सितंबर को पारित एसआरआईआई (सैंक्शंस ऑन रशिया एंड ईरान एक्ट) के तहत एक महीने के भीतर कार्रवाई का प्रावधान था लेकिन वाशिंगटन ने रणनीतिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब मार्को रुबियो की भारत यात्रा, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक, जामनगर रिफाइनरी से जुड़ा 300 अरब डॉलर का संभावित निवेश और अमेरिकी मध्यावधि चुनाव जैसे कई बड़े घटनाक्रम एक साथ जुड़ रहे हैं। पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार ने कहा, मेरे विचार से 18 सितंबर को एसआरआईआई एक्ट पास हुआ था, जिसे सैंक्शंस ऑन रशिया एंड ईरान एक्ट कहते हैं। इसके तहत जो भी देश रूस या ईरान से तेल खरीदेगा या उनके साथ अपने आर्थिक संबंधों को बढ़ाएगा, उस पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जाएंगे। एक महीने के अंदर इस पर कार्रवाई होनी थी लेकिन अब खबर आई है कि कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

झोटा हत्याकांड में सचिन पायलट और गुरजीत औजला ने 'मान सरकार' को घेरा, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

डेली आवाज भारती



मानसा। पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस हत्याकांड पर भगवंत मान सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर बड़े सवाल उठाए हैं। पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने पत्रकारों से कहा, हम कुछ दिन पहले जैसी घटनाएं देख रहे हैं, जहां किसी को दिनदहाड़े खुलेआम गोली मार दी गई। पंजाब में जो भी व्यक्ति नशे के खिलाफ बोलता है, या सरकार की पोल खोलने का काम करता है, उसे खुलेआम निशाना बनाया जाता है और अपनी जान गंवानी पड़ती है। इससे बड़ी कानून-व्यवस्था की नाकामी और कुछ नहीं हो सकती। यह बेहद दुखद है कि राज्य के मुख्यमंत्री, जिन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए, भरोसा दिलाना चाहिए और न्याय सुनिश्चित करना चाहिए, वे ऐसा करने में नाकाम हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने नागरिकों को सुरक्षित नहीं रख सकते हैं, रोज हो रहे गोलीकांड को संभाल नहीं पा रहे हैं, तो मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा, पंजाब इस समय एक अंधेरे दौर से गुजर रहा है। लोगों के खिलाफ बहुत बड़ा अपराध किया जा रहा है, उन पर अत्याचार हो रहा है और उन्हें खुलेआम मारा जा रहा है।

CMYK

page 2_Layout 1 17-10-2026 17:48 Page 1

दिल्ली में खाद्य सुरक्षा पर सख्ती, देसी घी के 19 नमूने असुरक्षित पाए गए, ई-कॉमर्स गोदामों में भी मिलीं गंभीर खामियां

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियों की सेहत की रक्षा करने और खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर, खाद्य सुरक्षा विभाग एक व्यापक जांच अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स कंपनियों द्वारा संचालित गोदामों और 'डार्क स्टोर्स' की जांच की जा रही है। बाजारों में बिकने वाले विभिन्न ब्रांडों के देसी घी के नमूनों का भी परीक्षण किया गया है। जांच के दौरान कई जगहों पर एक्सपायर हो चुके खाद्य उत्पाद, कीड़े-मकोड़े, अस्वच्छ भंडारण की स्थिति और जरूरी तापमान बनाए रखने में कमियां पाई



गईं। देसी घी के 59 नमूनों की जांच में से 19 नमूने असुरक्षित पाए गए, जबकि चार नमूने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। पाई गई कमियों के आधार पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करना या मिलावट के जरिए लोगों की सेहत को खतरे में डालना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दिल्लीवासियों की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में क्विक-कॉमर्स और रिटेल कंपनियों द्वारा चलाई जा रही खाद्य भंडारण सुविधाओं (फूड स्टोरेज फैसिलिटीज) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें एक्सपायर हो चुके उत्पाद, अस्वच्छ भंडारण स्थितियां, कोल्ड-स्टोरेज के लिए तय तापमान बनाए रखने में कमियां, क्षतिग्रस्त पैकेज और लेबलिंग में गड़बड़ियां मिलीं। उत्तम नगर स्थित स्विगी इंस्टामार्ट के परिसर में अधिकारियों को फ्रोजन हरी मटर, ग्रीक योगर्ट, बिना अंडे वाली चॉकलेट-चिप ब्राउनी और गाय का घी मिला, जिनकी एक्सपायरी डेट निकल चुकी थी। स्प्राउट्स, फलों और सब्जियों के कुछ पैकेटों पर तो एक्सपायरी डेट ही नहीं थी। वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में रिलायंस रिटेल लिमिटेड के परिसर में मक्खियां, मच्छर और एक छिपकली मिली। वहां मकड़ी के जाले भी थे। इसके अलावा, वहां सफाई का कोई शेड्यूल या उससे जुड़ी चेकलिस्ट नहीं मिली। घेवरा स्थित जोमैटो हाइपरप्योर के परिसर में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को एक्सपायर हो चुके %कोक डाइट% और नेस्ले शिकंजी के उत्पाद मिले। वहां अस्वच्छ स्थितियां भी पाई गईं। झील खुरेजा स्थित जेप्टो लिमिटेड के परिसर में कोल्ड-स्टोरेज के लिए तय तापमान बनाए रखने में कमियां मिलीं। वहां कॉकरोच और मकड़ी के जाले भी थे। रैक गंदे और जंग लगे हुए थे, खराब हो चुके उत्पादों के ऊपर अन्य खाद्य पदार्थ रखे गए थे, दीवारों की परतें उखड़ रही थीं और कुछ खाद्य सामग्री सीधे फर्श पर रखी हुई थी।

आसफ अली रोड और दरियागंज स्थित ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों में, खाद्य भंडारण क्षेत्रों में गंदे क्रेट और धूल मिली।

गांव झिंगड़ां कलां में 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत ग्राम सभा आयोजित

- लाल लकीर के अंदर बने मकानों से संबंधित समस्याओं का मौके पर किया गया समाधान

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया: नजदीकी गांव झिंगड़ां कलां में पंजाब सरकार की 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत लाल लकीर के अंदर बने मकानों के लाभार्थियों की ग्राम सभा आयोजित की गई। गांव में लाल लकीर के अंदर लगभग 37 ऐसे मकान हैं, जिनके संबंध में अभी तक किसी भी प्रकार की जानकारी या वेरिफिकेशन रिपोर्ट संबंधित राजस्व विभाग के पास प्रस्तुत नहीं हुई थी। इसी संबंध में गांव झिंगड़ां कलां में लाल लकीर के अंदर बने मकानों के लाभार्थियों की ग्राम सभा बुलाई गई। इस ग्राम सभा में खरड़ से नायब तहसीलदार अक्षय कुदरा और हलका पटवारी हिमांशु सिंगला पहुंचे। उन्होंने लाभार्थियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार खरड़ अक्षय कुदरा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा 'मेरा घर मेरे नाम' योजना चलाई जा रही है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मौके पर गांव की सरपंच जसप्रीत कौर और नंबरदार सतविंदर सिंह ने राजस्व विभाग से पहुंचे नायब तहसीलदार और हलका पटवारी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा बुलाकर लाभार्थियों की मुश्किलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिसके लिए वे राजस्व विभाग से आए समस्त स्टाफ के आभारी हैं। इस अवसर पर गुरमुख सिंह, रघबीर सिंह, भाग सिंह तोता, इंद्रजीत सिंह, लखबीर सिंह, दलजीत सिंह, बलविंदर सिंह काला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और संबंधित विभाग का स्टाफ उपस्थित था।

नगर परिषद प्रधान बहादुर सिंह ओके और हलका इंचार्ज खरड़ परमिंदर सिंह गोल्डी ने कुराली निवासियों को 11 लाख रुपये की एंबुलेंस-कम-फ्यूनरल वैन समर्पित की

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया: स्थानीय शहर की नगर परिषद द्वारा शहरवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर परिषद के प्रधान बहादुर सिंह ओके और आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज (खरड़) परमिंदर सिंह गोल्डी ने संयुक्त रूप से शहरवासियों को करीब 11 लाख रुपये की लागत वाली एंबुलेंस-कम-फ्यूनरल वैन समर्पित की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए परमिंदर सिंह गोल्डी और नगर परिषद प्रधान बहादुर सिंह ओके ने बताया कि शहर की तंग और छोटी गलियों में अक्सर आपातकालीन वाहनों के पहुंचने में परेशानी होती थी। इस एंबुलेंस-कम-फ्यूनरल वैन के माध्यम से अब शहर के हर हिस्से और छोटी गलियों में भी लोगों को प्राथमिक एवं जरूरी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों से किया गया एक और वादा पूरा कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बहादुर सिंह ओके के नेतृत्व वाली नगर परिषद शहर के विकास और लोगों को हर प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान दोनों नेताओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों और शहरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस मौके पर नगर परिषद की उपप्रधान श्रीमती शमा कालिया, मार्केट कमेटी कुराली के चेयरमैन राणा कुशलपाल खिजराबाद, ए.एम.ई. इंद्रमोहन सिंह भट्ठी, विकास गुप्ता, सेनेटरी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, पूर्व पार्षद रमाकांत कालिया, पार्षद दिनेश गौतम, अमनदीप सिंह रॉकी, गुरशरण सिंह बिंदरखिया, पार्षद प्रदीप कुमार रूड़ा, पार्षद डॉ. अश्वनी शर्मा, पार्षद जीता, पार्षद मनिंदर कौर, पार्षद राजेश कुमार, पार्षद डॉ. नीति कालिया, पार्षद शालू धीमान, हैप्पी धीमान, पूर्व पार्षद राजदीप सिंह हैप्पी, पार्षद नीरज राठौर और अशोक कुमार सहित शहर की अन्य प्रमुख हस्तियां एवं गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जत्थेदार कालेवाल ने नशा विरोधी मुहिम चलाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या की कड़ी निंदा की

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया: बीते दिनों नशा विरोधी मुहिम के नेता भाई परविंदर सिंह झोटा की मानसा में सरेआम गोलियां मारकर हत्या करने और उनके साथी को गंभीर रूप से घायल करने की खूनी घटना पर विधानसभा हलका खरड़ से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जत्थेदार चरणजीत सिंह चन्ना कालेवाल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। प्रेस को जारी बयान में चन्ना कालेवाल ने कहा कि पंजाब की धरती गुरुओं-पीरों की पवित्र चरण छोह प्राप्त धरती है, लेकिन अफसोस की बात है कि आज राज्य सरकार की नाकामी के कारण पंजाब नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का अड्डा बन चुका है। राज्य में मेडिकल नशे सहित हर प्रकार का घातक नशा सरेआम बिक रहा है और हमारी नौजवान पीढ़ी को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब अपनी कौम और नौजवान पीढ़ी को बचाने के लिए मैदान में उतरने वाले युवाओं को ही दिनदहाड़े गोलियों का निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया जाए, तो यह साफ दर्शाता है कि नशा माफिया के हौसले किस हद तक बुलंद हो चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले जागरूक युवा ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा की क्या गारंटी रह जाती है? सीसीटीवी कैमरों के सामने हुई इस शर्मनाक वारदात ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

अभिजीत दिपके को मिली जमानत, शांति बनाए रखने की शर्त

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। कॉक्रोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके को कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी गई है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, दिपके को पीस बॉन्ड (शांति बनाए रखने के बांड) पर जमानत दी गई है। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को अभिजीत दिपके को एहतियाती हिरासत में लिया था। उन्होंने कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में %लहरा दो तिरंगा% विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। दिपके को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता अनीश गवांडे के आवास से निकलने के बाद हिरासत में लिया गया था। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी ने उनसे कहा था कि कनॉट प्लेस में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है और इसी के तहत उन्हें एहतियाती हिरासत में लिया जा रहा है। बता दें कि सीजेपी ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में %लहरा दो तिरंगा% विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर दीपके को नोटिस जारी किया था। पुलिस ने नोटिस में कहा था कि सोशल मीडिया के जरिए शाम पांच बजे कनॉट प्लेस में जुटने की अपील की गई थी, जबकि इसके लिए कानूनी अनुमति नहीं ली गई थी।

दिल्ली पुलिस ने नोटिस में दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा था कि कनॉट प्लेस में बिना अनुमति भीड़ जुटने से यातायात, कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। पुलिस के मुताबिक, कनॉट प्लेस एक प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में दुकानें, शोरूम, रेस्टोरेंट, होटल, बैंक और कार्यालय हैं। यहां प्रदर्शन होने से कारोबार और व्यापारियों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका पर असर पड़ने की आशंका जताई गई थी। नोटिस में राजीव चौक मेट्रो स्टेशन का भी उल्लेख किया गया था। पुलिस ने कहा था कि यह ब्लू और येलो लाइन को जोड़ने वाला प्रमुख स्टेशन है, जहां से रोजाना करीब दो लाख यात्री सफर करते हैं। ऐसे में भीड़ बढ़ने से यातायात जाम, अव्यवस्था और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा होने का खतरा है। दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा था कि कनॉट प्लेस में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 223 और अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने दीपके को कनॉट प्लेस के आसपास किसी भी तरह का प्रदर्शन, जुलूस या रैली आयोजित नहीं करने और लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया था। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया था कि कनॉट प्लेस अधिसूचित प्रदर्शन स्थल नहीं है और किसी अन्य निर्धारित स्थल पर प्रदर्शन के लिए भी पहले कानूनी अनुमति लेना जरूरी है।

प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आज

नया गांव : (हरतेज सिंह तेजी) प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रॉपर्टी रजिस्ट्री से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं और नियमों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है।



एसोसिएशन के प्रवक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में प्रॉपर्टी रजिस्ट्री को लेकर डीलरों और आम जनता को कई तरह की व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और इनके समाधान के लिए सभी सदस्यों से सुझाव लेने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है। दिन व तिथि- रविवार, 18 अक्टूबर 2026 समय- शाम 3:00 बजे स्थान- ढिल्लों फार्म (Dhillon Farm) एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों और साथी डीलरों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लें और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें, ताकि रजिस्ट्री से जुड़ी समस्याओं का सर्वसम्मति से समाधान निकाला जा सके।

फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर डिजिटल लॉकर सुविधा प्रारंभ



फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर शुरु की डिजिटल लॉकर सुविधा की तस्वीर।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार से फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर, डिजिटल लॉकर सुविधा प्रारंभ की गई है। डिजिटल लॉकर में यात्री अपने बैग एवं अन्य सामान को सुरक्षित रूप से रख सकेंगे। इससे यात्रियों को अपने सामान के साथ हर समय घूमने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी। विशेष रूप से वे यात्री जिन्हें ट्रेन की प्रतीक्षा करनी होती है या कुछ समय के लिए स्टेशन से बाहर जाना होता है। डिजिटल लॉकर सुविधा के तहत यात्री, अपनी आवश्यकता के अनुसार, लॉकर को निर्धारित समयावधि के लिए बुक कर सकेंगे। किराया भी समयावधि के अनुसार लिया जाएगा। यात्री को लॉकर पैनल पर, अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओ.टी.पी प्राप्त करना होगा। तत्पश्चात लॉकर का चयन कर, क्यू.आर. कोड स्कैन कर, ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा। फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर इस सुविधा के प्रारंभ होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा यात्रियों के सामान की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

जे.के.एस पब्लिक स्कूल में कैरियर गाइडेंस एवं कौंसलिंग सैशन आयोजित

डेली आवाज भारती



जे.के.एस पब्लिक स्कूल में आयोजिक कैरियल गाइडेंस एवं कौंसलिंग सैशन में हिस्सा लेते हुए छात्र, प्रवक्ता एवं स्कूल प्रिंसीपल।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जे.के.एस पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं कौंसलिंग सैशन का आयोजन किया गया। इस सैशन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों, भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों तथा अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार सही दिशा चुनने के लिए जागरूक करना था। सैशन के दौरान विद्यार्थियों को दसवीं के बाद चुने गए विभिन्न स्ट्रीम्स–मेडिकल, नॉन-मेडिकल, कॉमर्स एवं आर्ट्स–के आधार पर आगे की पढ़ाई और करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बीसीए, बी.एससी., बी.कॉम., बीबीए, एमबीए तथा अन्य व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया। साथ ही इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया, उच्च शिक्षा के विकल्पों तथा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि कैरियर का चुनाव केवल दूसरों की देखा-देखी या सामाजिक दबाव में आकर नहीं करना चाहिए, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता, शैक्षणिक योग्यता और भविष्य के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। उन्हें इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रबंधन, बैंकिंग, वाणिज्य, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से अवगत करवाया गया। इसके अतिरिक्त, सरकारी नौकरियों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। कौंसलिंग सैशन के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भविष्य से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने, सही जानकारी प्राप्त करने तथा समय रहते कैरियर की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा के अगले चरण के लिए बेहतर निर्णय लेने में सहायता मिलती है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू मोंगा ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में सही समय पर करियर मार्गदर्शन का विशेष महत्व है। उचित मार्ग दर्शन से विद्यार्थी अपनी रुचियों और योग्यताओं को पहचानकर अपने भविष्य के लिए सही लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने तथा अपने करियर का चयन सोच-समझकर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को रोकने के लिए नई तकनीकों पर विचार: मनजिंदर सिंह सिरसा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण से निपटने के लिए नई तकनीकों और उपायों पर चर्चा करने के लिए हितधारकों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उत्सर्जन को कम करने और हवा की गुणवत्ता की निगरानी में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में सिरसा ने कहा कि चर्चा के दौरान कई बेहतरीन विचार सामने आए। इनमें श्मशान घाटों से होने वाले प्रदूषण को कम करने वाली तकनीकें और किफायती %हाइपर-लोकल% एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सेंसर का इस्तेमाल शामिल है। मंत्री ने आगे कहा, ÷आज एनसीआर में प्रदूषण से जुड़े एक %इनोवेशन चैलेंज% को लेकर हितधारकों के साथ बैठक हुई। हमने ऐसे नए नवाचारों और उपायों पर चर्चा की, जो दिल्ली के प्रदूषण से निपटने में मददगार हो सकते हैं। कई अच्छे सुझाव सामने आए हैं।÷

उन्होंने ऐसी तकनीकी समाधानों पर जोर दिया, जिनसे श्मशान घाटों से होने वाले उत्सर्जन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सिरसा ने कहा कि चर्चा में आए विचारों में से एक यह था कि कैसे श्मशान घाटों से होने वाले प्रदूषण को शून्य तक लाया जाए, या उत्सर्जन को 95 प्रतिशत से अधिक कम किया जाए। मंत्री ने स्थानीय स्तर पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने के लिए किफायती एयर क्वालिटी सेंसर की संभावनाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब एयर क्वालिटी के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए सरकार द्वारा लगाए गए मॉनिटरिंग सिस्टम और सस्ती सेंसर तकनीकें, दोनों ही उपलब्ध हैं।

सिरसा ने आगे कहा कि ये तकनीकें हमें प्रदूषण के स्रोतों के बारे में बहुत ही स्थानीय (हाइपर-लोकल) जानकारी जुटाने और यह पता लगाने में मदद कर सकती हैं कि प्रदूषण कहां से आ रहा है। यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब सर्दियां करीब आने के साथ दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। सर्दियों के दौरान मौसम की स्थिति, वाहनों से निकलने वाले धुएं, धूल और अन्य कारकों की वजह से प्रदूषण का स्तर आमतौर पर बढ़ जाता है। 4 अक्टूबर को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 187 दर्ज किया गया, जो 2020 के बाद से इसी अवधि के लिए चार दिनों का सबसे अधिक औसत है। इससे एक और मुश्किल सर्दी के मौसम को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। हवा की बिगड़ती गुणवत्ता ने सांस संबंधी बीमारियों और लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इससे पहले, 29 सितंबर को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के %वायु प्रदूषण कम करने संबंधी कार्य योजना% की समीक्षा की गई।

माय भारत चंडीगढ़ द्वारा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 में 'नशा मुक्त युवा' विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। माय भारत चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20, चंडीगढ़ में 'नशा मुक्त युवा' विषय पर ब्लॉक स्तरीय नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों, इसके कारणों तथा व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से संबंधित जागरूकता गतिविधियों एवं चर्चाओं में हिस्सा लिया। इस पहल के माध्यम से युवाओं को सही निर्णय लेने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त वातावरण के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सपना नंदा, प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20, चंडीगढ़, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल समन्वय कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. बलविंदर कौर, डॉ. उपासना थपलियाल एवं डॉ. आरती भट्ट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में सुश्री सरिता, एसएचओ, चंडीगढ़ पुलिस; श्री दिलबाग सिंह, अल्कोहॉलिक्स एनॉनिमस; श्री संजीव तथा सुश्री अंजलि ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। उन्होंने प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणामों, नशे की रोकथाम तथा युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व के बारे में जागरूक किया। इन सत्रों ने विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, माय भारत चंडीगढ़ ने जानकारी दी कि नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन व्यापक 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत 'नशा मुक्त युवा' विषय पर किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को सार्थक संवाद के माध्यम से जोड़ने तथा उन्हें अपने शैक्षणिक संस्थानों, परिवारों और समुदायों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को 'नशा मुक्त युवा' की शपथ भी दिलाई गई। सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन युवाओं में जागरूकता बढ़ाने, जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। यह पहल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।

CMYK

page 3_Layout 1 17-10-2026 20:10 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ›› रविवार, 18 अक्तूबर 2026

कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की उच्च स्तरीय टीम ने किया फिरोजपुर का दौरा

पराली प्रबंधन का जायजा लेने के लिए डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): धान की पराली के सुचारू प्रबंधन को सुनिश्चित करने, पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और हवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की उच्च स्तरीय टीम के तकनीकी सदस्य डा. टी.एस पंवार और वैज्ञानिक-सी डा.धनंजय कुमार द्वारा फिरोजपुर जिले का दौरा किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की गई। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा, डिप्टी कमिश्नर फरीदकोट राहुल चाबा और एसएसपी भूपिंदर सिंह सिद्धू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में पराली को आग लगाने की घटनाओं वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों, अवशेषों के प्रबंधन के लिए मशीनरी की उपलब्धता, किसानों को मशीनरी के उपयोग के लिए दी जा रही सुविधाओं और पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी संबंधी किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार काम जारी है और हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए सेंसर भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से पिछले साल पराली को आग लगाने की घटनाओं और पराली प्रबंधन के लिए किसानों को दी जा रही मशीनरी की संख्या आदि के बारे में भी जानकारी हासिल की। ` इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पराली जलाने की घटनाओं को कम से कम करते हुए शून्य तक लाने के लिए पूरी सक्रियता से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग के अनुसार जहां सबसिडी पर उन्हें आधुनिक कृषि मशीनें मुहैया कराई गई हैं, वहीं कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को पराली को आग न लगाने संबंधी जागरूक भी किया जाता है। इसके अलावा टीम द्वारा कुछ क्षेत्रों में भी दौरा किया गया, दौरे के दौरान टीम ने किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण और हवा की गुणवत्ता पर पडने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए फसल अवशेषों के सुचारू प्रबंधन को अपनाने की अपील की। किसानों ने पराली जलाने के नुकसानों के बारे में जागरूकता व्यक्त करते हुए भरोसा दिया कि वे पराली को आग लगाने की बजाय इसके सुचारू प्रबंधन को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत, एसडीएम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा, एलडीएम जीरा सूरज कुमार, एक्सीयन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रविपाल, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

खेलां वतन पंजाब दियां-2026 सीजन-4 में तारागढ़ स्कूल के विद्यार्थियों ने वुशू मुकाबलों में लहराया जीत का परचम

तीन विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मेडल, स्कूल और क्षेत्र का नाम किया रोशन; प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 10-10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार

डेली आवाज भारती



तारागढ़, (अमनदीप संधू): पंजाब सरकार द्वारा राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे 'खेलां वतन पंजाब दियां-2026 सीजन-4' के तहत जिला गुरदासपुर में आयोजित वुशू खेल मुकाबलों में शहीद कश्मीरी लाल सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तारागढ़ के तीन होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल, अपने माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, अध्यापकों और अभिभावकों द्वारा विजेता खिलाड़ियों की भरपूर सराहना की जा रही है। 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिताओं में स्कूल की बारहवीं कक्षा के कॉमर्स ग्रुप के विद्यार्थियों असीसपाल सिंह, हरकीरत सिंह और सहज रूप सिंह ने भाग लिया। तीनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। तीनों विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अभ्यास और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। शहीद कश्मीरी लाल सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तारागढ़ के प्रधानाचार्य श्री राजन कुमार और समस्त स्कूल स्टाफ ने तीनों विजेता विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा खेलों के क्षेत्र में हासिल की गई ऐसी उपलब्धियां पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात हैं। जब स्कूल के विद्यार्थी राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतते हैं, तो इससे न केवल स्कूल का गौरव बढ़ता है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा साबित करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि असीसपाल सिंह, हरकीरत सिंह और सहज रूप सिंह ने गोल्ड मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायक है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

नशा समाज और युवा पीढ़ी को घुन की तरह खोखला कर रहा है, इसे जड़ से खत्म करना जरूरी: परमिंदर सिंह गोल्डी

डेली आवाज भारती



खरड़,संदीप अकालगढ़िया। पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के तहत अभियान के 551वें दिन विधानसभा हलका खरड़ में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में हलका खरड़ के इंचार्ज एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने आज गांव बडाला, वार्ड नंबर 26 तथा सन्नी एन्क्लेव के वार्ड नंबर 9 में हलका निवासियों के साथ बैठकें कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर लोगों को पंजाब सरकार द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी गई। गांव बडाला में बैठक को संबोधित करते हुए परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि नशा हमारे समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए घुन की तरह है, जो हमारी पीढ़ियों को अंदर से खोखला कर रहा है। इस बुराई को खत्म करने के लिए सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा नशे के खात्मे के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों और 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि सरकार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है।

बिजली का करंट लगने से बिजली कर्मचारी की मौत

डेली आवाज भारती



मृतक बिजली कर्मचारी की फाइल फोटो।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): गुरुहरसहाय शहर के साथ लगते गांव झावला में लाइट ठीक करने गए बिजली कर्मचारी पवन कुमार की करंट लगने से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव झावला में बिजली का फॉल्ट ठीक करने गए पवन कुमार पुत्र बगीचा राम जिसकी उम्र लगभग 30 साल बताई जा रही है, बीते शुक्रवार को गांव झावला में लाइट का फॉल्ट ठीक करने गया था, लेकिन किसी तकनीकी कारण से लाइन में करंट आ गया और मृतक को करंट लग गया। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा उसे शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा था और उसका लगभग तीन साल का बेटा है। इस घटना के बाद परिवार और विधवा पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक शहर साथ लगते गांव चक्क निधाना का रहने वाला था।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री माजरी ब्लॉक के गांवों में दिखाई गई

डेली आवाज भारती



माजरी/संदीप अकालगढ़िया। संदीप अकालगढ़िया,पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष पहल के तहत माजरी ब्लॉक के गांव खिजराबाद, खिजराबाद हेठली पत्ती और फतेहपुर टप्परियां में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस पहल का उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं, विचारधारा तथा समाज को दिए समानता, आपसी भाईचारे और मानवता के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उपमंडल मजिस्ट्रेट खरड़ गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी वाणी और विचारों के माध्यम से समाज को जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में समानता, सद्भावना और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित इस विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म को गांवों में दिखाने का उद्देश्य नई पीढ़ी सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को गुरु साहिब के जीवन और दर्शन से परिचित करवाना है। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही इस फिल्म से लोगों को गुरु साहिब के आदर्शों और समाज की भलाई के लिए दी गई उनकी शिक्षाओं को समझने का अवसर मिल रहा है।

आम आदमी पार्टी की नीतियों की वजह से मैं इस्तीफा दे रहा हूं : वीरिंदर सहदेव

आम आदमी पार्टी में शामिल होना मेरी जिन्दगी की सबसे बड़ी गलती थी

डेली आवाज भारती



अमृतसर। अमृतसर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी वीरिंदर साहिदव ने आम आदमी पार्टी के खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड पंजाब के अमृतसर चेयरमैन पद और प्राइमरी मेंबरशिप से इस्तीफा दे दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं 2021 में आम आदमी पार्टी की पंजाब के प्रति सोच को देखते हुए इस पार्टी में शामिल हुआ था, लेकिन आज मुझे लगता है कि आम आदमी पार्टी अपनी आइडियोलॉजी के बिल्कुल खिलाफ काम कर रही है। वरिंदर साहिदव ने कहा कि पिछले पांच सालों में पार्टी ने हर वर्ग पर अत्याचार किया है, चाहे वह टीचर हों, किसान हों या बिजली कर्मचारी, जिसने भी सरकार के खिलाफ बोलने की कोशिश की या सरकार से कोई मांग की। अब हर दिन, उन्होंने मानसा में परविंदर सिंह झोटा के बारे में बात करते हुए कहा कि अब हर दिन पंजाब में कहीं न कहीं तरक्की की मांग की जा रही है और रोजाना फायरिंग हो रही है, जिससे पंजाब का हर वर्ग डर के माहौल में जी रहा है। उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत दुखी हूं और आम आदमी पार्टी छोड़ रहा हूं। जब पत्रकारों ने पूछा कि वह कौन सी पार्टी में शामिल होना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं अभी भी इस बात से दुखी हूं कि मैं किसी भी पार्टी में शामिल होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। वीरेंद्र सहदेव ने आगे कहा कि पिछले चार दिनों में अमृतसर में जिस तरह की फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं, चाहे वह यस बैंक के अधिकारी पर हमला हो, कपड़ा व्यापारी पर हमला हो, या दूसरे लोगों पर फायरिंग की घटना हो, इससे साबित होता है कि सरकार का कहीं भी कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार और पुलिस के बीच मिलीभगत है, जिसकी वजह से ड्रग्स खत्म नहीं हो पा रहा है क्योंकि हर दिन पुलिस वाले 15 द्यद्द ड्रग्स और कभी-कभी 17 द्यद्द ड्रग्स के साथ रंगे हाथों पकड़े जाते हैं, जिससे साबित होता है कि पुलिस खुद ड्रग्स की तस्करी कर रही है और सरकार की पुलिस मुश्किल में है। सरकार और पुलिस खुद ड्रग्स बेच रही है और उन्होंने खुद ड्रग्स के खिलाफ जंग शुरू की है। यह बिल्ली को दूध पिलाने जैसा है। ऐसे कैसे खत्म होगा ड्रग्स? उन्होंने कहा कि मानसा में परविंदर झोटा की मौत ने मुझे हिलाकर रख दिया है। मुझे अपनी अंतरात्मा पर सवाल उठाने पर मजबूर होना पड़ा है।

एमएसएमई क्षेत्र के लिए सुरक्षित भविष्य है नेशनल पेंशन सिस्टम योजना





डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के पंजाब स्टेट चैप्टर द्वारा पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडी) के सहयोग से पीएचडी हाउस में नेशनल पेंशन सिस्टम-एमएसएमई कार्यबल के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण विषय पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र का उद्देश्य स्थानीय उद्योग जगत के नेताओं, व्यापार प्रतिनिधियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच रिटायरमेंट प्लानिंग, वित्तीय सुरक्षा और एनपीएस अपनाने से नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों को मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देने में छोटे व्यवसायों और व्यापार इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

■ पीएचडी हाउस में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

पीएफआरडीए के उप महाप्रबंधक सुधीर सिंह ने पेंशन और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का एमएसएमई तथा असंगठित क्षेत्रों में विस्तार करने के बारे में बताया। उन्होंने व्यवस्थित रिटायरमेंट प्लानिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और एनपीएस को व्यापक रूप से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। एचडीएफसी पेंशन फंड के वरिष्ठ प्रबंधक ऐश्वर्य मुद्गल ने एमएसएमई के लिए एनपीएस पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें उन्होंने एनपीएस के लाभ, नामांकन प्रक्रिया, योगदान संरचना, पोर्टेबिलिटी, ऑनलाइन नामांकन के तरीके, नियोक्ता-कर्मचारी योगदान के फायदे और आयकर अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के तहत मिलने वाले टैक्स लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीएचडीसीसीआई की पंजाब बैंकिंग और वित्तीय सेवा समिति के सह-संयोजक शिव शंकर कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनपीएस एक किफायती, सुरक्षित और अत्यंत प्रभावी सामाजिक सुरक्षा साधन है, जो एमएसएमई के लिए कार्यबल की स्थिरता को काफी मजबूत कर सकता है।

जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को सर्दियों के दौरान पूरा दिन दिया जाए:डी.टी.एफ

छोटे दिन और दूर-दराज की ड्यूटी के कारण शिक्षकों को होगी भारी परेशानी

■ निर्धारित समय में जनगणना का कार्य पूरा करना होगा मुश्किल

डेली आवाज भारती



डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट पंजाब जिला फिरोजपुर के पदाधिकारी जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारत की जनगणना 2027 के संबंध में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को नियमित ड्यूटी के समय में आधे दिन की छूट देने संबंधी जारी पत्र के मद्देनजर डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट पंजाब जिला फिरोजपुर के प्रधान मलकीत सिंह हराज, जिला सचिव गुरविंदर सिंह खोसा, वित्त सचिव अमित शर्मा, राज्य कमेटी सदस्य सरबजीत सिंह भांवड़ा, जिला नेता राज कुमार महरोक, हरविंदर सिंह कैलाश ने साथियों सहित मांग की है कि सर्दियों के मौसम के दौरान विशेषकर 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जनगणना के कार्य के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके मूल स्कूलों या संबंधित विभागों से पूरा दिन काम करने की अनुमति दी जाए, ताकि जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समय के भीतर सुचारू ढंग से पूरा किया जा सके। नेताओं का कहना है कि दिसंबर के महीने में दिन बहुत छोटे होते हैं और सूरज डूबने का समय भी जल्दी हो जाता है। ऐसी स्थिति में यदि शिक्षकों को आधा दिन अपने स्कूलों में ड्यूटी करने के बाद जनगणना कार्य के लिए जाना पड़ेगा, तो उनके लिए निर्धारित समय में काम पूरा करना बेहद मुश्किल होगा। मिसाल के तौर पर यदि किसी शिक्षक के मूल स्कूल से जनगणना ड्यूटी वाला स्थान 25 किलोमीटर या उससे अधिक दूर है, तो आधी छुट्टी के बाद उस स्थान तक पहुंचने, संबंधित इलाके में घरों तक जाने और आवश्यक जानकारी एकत्रित करने में काफी समय लग जाएगा। इससे ना केवल शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा, बल्कि जनगणना कार्य की गति और गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। नेता हीरा सिंह तूत, देवेंद्र नाथ, अमित कंबोज बाजेके, कृपाल सिंह, राम कुमार, वरिंदरपाल सिंह खालसा, स्वर्ण सिंह जोसन, नरेंद्र सिंह जम्मू, संदीप कुमार मखू, अनिल धवन, गगन मित्तल, हरजिंदर सिंह जनेर, विक्रमजीत उप्पल, जगजीत सिंह ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके लिए सही जानकारी एकत्र करना, हर घर तक पहुंचना और निर्धारित समय-सीमा का पालन करना बहुत जरूरी है। इसलिए जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को ऐसी व्यावहारिक मुश्किलों से बचाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। नेताओं ने जनगणना संबंधित विभाग और अधिकारियों तथा पंजाब सरकार से पुरजोर मांग की है कि सर्दियों के छोटे दिनों और जनगणना ड्यूटी वाले स्थानों की दूरी को ध्यान में रखते हुए 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जनगणना कार्य के लिए नियुक्त शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को उनके मूल स्कूलों या संबंधित विभागों से पूरा दिन जनगणना की ड्यूटी करने के लिए समय दिया जाए। इससे कर्मचारी बिना किसी अनावश्यक भाग-दौड़ के अपनी जिम्मेदारी निभा सकेंगे और जनगणना का कार्य भी समय पर, सुचारू और प्रभावी ढंग से पूरा हो सकेगा। डी.टी.एफ के नेताओं का मानना है कि प्रशासन द्वारा जमीनी हकीकतों को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला ही जनगणना के इस अहम कार्य को सफल बनाने में सहायक होगा।

पुलिस ने छापेमारी करके लोगों को सट्टा लगवा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना तलवंडी भाई की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके लोगों को दड़ा-सट्टा लगवा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से जुआ राशि बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर जुआ एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना तलवंडी भाई के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मैन चौक तलवंडी भाई में सूचना मिली थी कि दोषी विनोद कुमार उर्फ काली पुत्र हरी चंद कुमार वासी नई अबादी वार्ड नंबर 5 लोगों को दड़ा-सट्टा लगवा रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके विनोद को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 540 रुपए की सट्टा राशि बरामद की है। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में विनोद पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

रंजिशन खेतों तूड़ी लेने गए व्यक्ति एवं उसके परिवार को मारपीट करके किया जख्मी

■ पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 18 लोगों पर दर्ज किया मारपीट करने का मामला

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन गांव चक्क राऊके हिठाड़ में रंजिशन व्यक्ति व उसके परिवार को मारपीट करके जख्मी करने वाले 18 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुखविन्द्र सिंह पुत्र भाग सिंह वासी चक्क राऊके हिठाड़ ने बताया कि वह बीते दिन अपने परिवार के साथ खेतों से तूड़ी लेने गया था तो दोषी मंगल सिंह, अमरजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, काला सिंह, हजारा सिंह पुत्र चिमन सिंह, सतपाल सिंह पुत्र काला सिंह, कुलविन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह, खंडा सिंह, बलवंत सिंह पुत्र फुम्मन सिंह, राज सिंह पुत्र हजारा सिंह, कुलविन्द्र कौर पत्नी मंगल सिंह, शिमला बीबी पत्नी हजारा सिंह, शिमला बीबी पत्नी हजारा सिंह, शिमला बीबी पत्नी अमरजीत सिंह वासी राजा राए, सीमा पत्नी जंगीर सिंह वासी फारुवाला, गुरमेज सिंह पुत्र दर्शन सिंह, मोड़ा सिंह पुत्र दर्शन सिंह, मनजीत सिंह, गुरजीत सिंह पुत्र बख्शीश सिंह, बचनो बीबी दर्शन सिंह वासी चक्क राऊके हिठाड़ ने पीड़ित व उसके परिवार के साथ मारपीट की और उन्हें जख्मी कर दिया था। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में जेसीबी मशीन लगाई थी और उसका स्टेटस डाला था, जिस पर मंगल सिंह ने गल्त कमैंट किया था और उसके चलते ही दोनों पक्षों में रंजिश थी और इसी को लेकर दोषियों ने घटना को अंजाम दिया है।

page 4_Layout 1 17-10-2026 19:09 Page 1

पंजाब भाजपा ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की

नशा, भ्रष्टाचार और अपराध को बनाएगी बड़ा मुद्दा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, । पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि उसने 2027 पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर विचार-विमर्श, प्रस्ताव पारित करने और रणनीति बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह निर्णय संगरूर कस्बे में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। राज्य भाजपा महासचिव अनिल सरीन ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने राज्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों, जिनमें नशीली दवाओं, भ्रष्टाचार और अपराध शामिल हैं, को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया है। इन मुद्दों को अपने एजेंडे के केंद्र में रखते हुए पार्टी जनता से संपर्क मजबूत करने, लोगों की समस्याओं को समझने और पंजाब के भविष्य के संबंध में अपने विचारों और नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए गतिविधियां चलाएगी। अनिल सरीन ने कहा कि भाजपा के 36 संगठनात्मक जिलों में 19 अक्टूबर तक जिलास्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं।



इसके बाद 22 से 24 अक्टूबर तक मंडलस्तरीय बैठकें होंगी। इनका मुख्य उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगामी राज्य चुनावों के लिए हुई चर्चाओं, पारित प्रस्तावों और तैयार की गई रणनीति से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर अंतिम रूप दिए गए कार्यक्रमों और नीतियों को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए संगठन को सक्रिय किया जा रहा है। इन बैठकों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी और जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक ढांचा तैयार किया जाएगा। इस बीच, पार्टी विधायक अश्वनी शर्मा ने मानसा में नशीली दवाओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना की। उन्- होंने कहा कि इस हत्या के मामले ने पूरे पंजाब में आक्रोश पैदा कर दिया है। भाजपा नेता ने कहा, ÷लोग अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं और जनता पंजाब सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री भगवंत मान से जवाब मांग रही है, हालांकि जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय मुख्यमंत्री फ्रांस की यात्रा पर निकल पड़े हैं। इससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं और केवल दिखावा कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री मान विदेश यात्रा पर जाने के बजाय जनता के सवालों का जवाब देते तो बेहतर होता।

जगमोहन सिंह कंग ने किया कुराली अनाज मंडी का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मिलीभगत से छोटी कर दी गई मंडी, किसानों को हो रहा नुकसान : जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने धान की फसल की आवक के मद्देनजर नई अनाज मंडी कुराली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़ती भाइयों से मुलाकात कर मंडी में चल रही खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने बताया कि मंडी में पनग्रेन, मार्कफेड, पनसप और वेयरहाउस सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। अब तक मंडी में 22,303 मीट्रिक टन फसल की आवक हो चुकी है। पूर्व मंत्री कंग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में उन्होंने कुराली की इस अनाज मंडी को 31 एकड़ भूमि में मंजूर करवाया था, लेकिन बाद में मिलीभगत के चलते इसमें से 10 एकड़ भूमि बाहर कर दी गई। उन्होंने इसे अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसके कारण अब यह मंडी केवल 21 एकड़ में सिमटकर रह गई है। मंडी का क्षेत्रफल कम होने के कारण फड़ और अन्य सुविधाओं के लिए जगह कम पड़ रही है, जिससे किसानों और आढ़तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी तक आने वाली सड़कों, विशेषकर पपराली रोड, की हालत भी दयनीय है। इसके अलावा अनाज मंडी में उचित साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर एमसी धीरज धीमान हैप्पी, बिट्टू खुल्लर, पंकज गोयल, सौरव गर्वाल, मनु घई, राज कुमार, आशीष बंसल सहित अन्य आढ़ती तथा जसविंदर सिंह भूरा भी उपस्थित थे।

पुष्पा गुजराल साइंस सिटी ने मनाया 29वां स्थापना दिवस, रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित

डेली आवाज भारती



कपूरथला पुष्पा गुजराल साइंस सिटी के 29वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना था। शिविर में साइंस सिटी के कर्मचारियों और आगंतुकों सहित लगभग 50 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पा गुजराल साइंस सिटी के निदेशक डॉ. राजेश ग्रोवर ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने रेखांकित किया कि दुर्घटना पीड़ितों, सर्जरी से गुजर रहे मरीजों, थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों और प्रसव के दौरान जटिलताओं का सामना करने वाली माताओं की जान बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पात्र नागरिकों से नियमित रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सेवा, दयालुता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करता है। साइंस सिटी के उपनिदेशक डॉ. मुनीश सोइन ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने जीवनशैली को स्वस्थ बनाए रखने और नियमित अंतराल पर रक्तदान करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय पर उपलब्ध रक्त किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित होता है। इस रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल, कपूरथला के विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल टीम के तकनीकी सहयोग से किया गया। मेडिकल टीम ने रक्तदाताओं की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच और पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया।

लहरागागा में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई

कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने पुष्पहार अर्पित कर किया नमन; नगर परिषद प्रधान कांता गोयल भी रहे मौजूद

डेली आवाज भारती



लहरागागा, मोहिंदर सिंह, लहरागागा में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने महाराजा अग्रसेन जी को पुष्पहार अर्पित कर नमन किया और उनकी शिक्षाओं को याद किया। इस मौके पर नगर परिषद लहरागागा की प्रधान कांता गोयल भी उनके साथ मौजूद रहीं। कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने महाराजा अग्रसेन जी की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन आपसी सहयोग, सामाजिक समानता और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श हमें जरूरतमंदों का सहारा बनने और समाज में प्रेम व भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करते हैं। बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का वास्तविक उद्देश्य उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना है। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार जनकल्याण के कार्यों में योगदान दे और आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने में सहयोग करे। कैबिनेट मंत्री ने युवा पीढ़ी से अपनी समृद्ध विरासत और महान शख्सियतों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना जैसी अच्छी आदतों को अपनाकर युवा समाज के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर नगर परिषद प्रधान कांता गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाएं हमें आपसी सहयोग और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का रास्ता दिखाती हैं। उन्होंने शहरवासियों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए लहरागागा की बेहतरी और जनकल्याण के कार्यों में सहयोग देने की अपील की।

आम आदमी पार्टी ने जसवंत सिंह गज्जन माजरा को 'इंटेलेक्चुअल विंग' का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी आप पंजाब ने जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अपनी 'इंटेलेक्चुअल विंग' का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।गज्जन माजरा 'आप' से जुड़े हुए हैं और पंजाब के अमरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे 2022 के चुनावों में पंजाब विधानसभा के लिए चुने गए थे। यह नियुक्ति पंजाब में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का हिस्सा है। इस नियुक्ति और उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों के बारे में अधिक जानकारी, खबर लिखे जाने के समय उपलब्ध नहीं थी।

बलटाना फायरिंग मामला: कॉलोनाइजर चौधरी राम कुमार के घर पर हमले की जांच तेज

पुलिस ने खंगाले 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, विदेशी नंबर से धमकी और व्हाट्सएप ऑडियो संदेश ने बढ़ाई सरगर्मी

- सीआईए और जीरकपुर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के बलटाना रिहायशी इलाके में स्थित प्रसिद्ध कॉलोनाइजर राम कुमार चौधरी के घर पर हुई सनसनीखेज फायरिंग के मामले में पुलिस और सीआईए विंग की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए कॉलोनाइजर के घर से लेकर मुख्य फर्नीचर मार्केट तक के रास्तों पर बने घरों और दुकानों के बाहर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल ली है। पुलिस की शुरुआती पड़ताल में हमलावरों के बारे में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर सीआईए की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। स्विफ्ट कार में आए थे बदमाश, मुख्य गेट पर दागी थीं 7 से 8 गोलियां यह वारदात 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब सवा दो बजे की है। बलटाना स्थित कॉलोनाइजर की आवास के बाहर अचानक एक स्विफ्ट कार आकर रुकी। कार सवार बेखौफ हमलावरों ने घर के मुख्य गेट को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ 7 से 8 राउंड गोलियां चलाईं और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। इस ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा और आसपास के लोगों में भारी दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीआईए की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई थीं। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल टॉवर लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों का रूट मैप तैयार कर रही है। बलटाना क्षेत्र से बाहर निकलने वाले सभी प्रमुख रास्तों और नाकों पर लगे कैमरों की टाइमिंग को खंगालकर संदिग्ध स्विफ्ट कार की आवाजाही को बारीकी से ट्रैक किया जा रहा है। हालांकि, जांच की गोपनीयता और सुरक्षा कारणों के चलते पुलिस अधिकारियों ने अभी तक गाड़ी के नंबर या हमलावरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है।

पूर्व पार्षद नीतू चौधरी के मोबाइल पर आया विदेशी नंबर से ऑडियो संदेश

वारदात के तुरंत बाद कॉलोनाइजर राम कुमार चौधरी की पुत्रवधू और पूर्व पार्षद नीतू चौधरी के व्हाट्सएप नंबर पर एक विदेशी नंबर से कॉल और तीन ऑडियो संदेश भेजे गए। इन धमकी भरे संदेशों में साफ तौर पर कहा गया कि राम कुमार चौधरी को पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस ने इन सभी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स को अपने कब्जे में ले लिया है और साइबर सेल की मदद से इनकी प्रामाणिकता की जांच करते हुए मामले का दायरा बढ़ा दिया है।

पुलिस अधिकारियों का बयान

मामले की गंभीरता को देखते हुए बलटाना चौकी इंचार्ज मलकीत सिंह ने बताया कि पुलिस इस अंधाधुंध फायरिंग की गुत्थी को सुलझाने के लिए ह्यूमन इंटेलिजेंस और टेक्निकल टीमों की पूरी मदद ले रही है। हर एक इनपुट पर बेहद बारीकी से काम किया जा रहा है और अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची जा चुकी है। चौकी इंचार्ज का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमृत अभिलाखी समागम में शामिल होकर स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरमत सिद्धांतों से प्रेरणा प्राप्त की

डेली आवाज भारती



समागम में शामिल होने के दौरान विद्यार्थी साथ में टीचर व अन्य।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर के माता साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एकमजीत सिंह कक्षा आठवीं और जितेंद्र सिंह कक्षा सातवीं ने पिछले दिनो गुरुद्वारा गुरुसर जामणी साहिब, बजीदपुर में श्री सहज पाठ सेवा लहर द्वारा आयोजित अमृत अभिलाखी समागम में श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की डिविनिटी शिक्षिका श्रीमती करमजीत जी भी उपस्थित रहीं। समागम के दौरान विद्यार्थियों को गुरबाणी, गुरमत सिद्धांतों, सेवा, सिमरन और संगत के महत्व के बारे में प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिला। ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, विनम्रता और गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा की भावना को मजबूत करने में सहायक होते हैं।विद्यालय के चेयरमैन स.महीपाल सिंह, मैनेजर स.हरबीर सिंह तथा मैनेजर स.कमलपाल सिंह ने इस पहल की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.वंदना धवन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने धर्म, सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों से जोडना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों की सहभागिता और श्रीमती करमजीत के प्रयासों की प्रशंसा की।

आरबीएल बैंक द्वारा नया चंडीगढ़ के होशियारपुर में मुफ्त स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित

डेली आवाज भारती



नया चंडीगढ़, (हरतेज सिंह तेजी) : आरबीएल बैंक (3बी2 मोहाली शाखा) द्वारा नया चंडीगढ़ के गांव होशियारपुर में ग्राम पंचायत, साध संगत और क्षेत्रवासियों के सहयोग से एक मुफ्त स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी रब्बी सोही, दुल्ला सोही और स्वर्ण सोही के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर के सफल आयोजन की पूरी जिम्मेदारी आरबीएल बैंक 3बी2 मोहाली के शाखा प्रबंधक (ब्रांच मैनेजर) गुरुदीप सिंह ने मुस्तैदी से निभाई।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए संरक्षक रब्बी सोही ने बताया कि आरबीएल बैंक की टीम द्वारा इस क्षेत्र के गांव होशियारपुर में यह पहला मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है, जिसमें लगभग 170 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर के दौरान बाहरी प्रयोगशालाओं (लैब) में होने वाले महंगे टेस्ट पूरी तरह मुफ्त किए गए। इसमें 125 से अधिक मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए, जिनमें ब्लड प्रेशर, सीबीसी (ष्ठ्वह्लष्ट) जांच, ब्लड शुगर, कुल कोलेस्ट्रॉल, थायराइड (ञ्जस्र), विटामिन-डी, विटामिन-ब्ज्ञ12 और आंखों की शुरुआती जांच (नजदीक की नजर) जैसे महंगे टेस्ट शामिल थे। इन टेस्टों की रिपोर्ट मरीजों को ऑनलाइन माध्यम से भेजी जाएगी। इसके अलावा, आंखों की जांच के दौरान 40 से अधिक जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त चश्मे भी वितरित किए गए। रब्बी सोही ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आरबीएल बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों का यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है। ऐसे शिविर जरूरतमंद परिवारों और मरीजों के लिए बेहद मददगार साबित होते हैं। इस अवसर पर पहुंची मेडिकल टीम और ब्रांच मैनेजर गुरुदीप सिंह सहित आरबीएल बैंक की पूरी टीम को सरपंच हरविंदर सिंह, रब्बी सोही, दुल्ला सोही, स्वर्ण सोही, लाडी नंबरदार और समस्त ग्राम पंचायत होशियारपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ समयबद्ध पूरी करें परियोजनाएं : डॉ. अभिषेक जैन

डेली आवाज भारती

प्रधान सचिव ने कुल्लू में जल शक्ति विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की, बाढ़ निगरानी भवन का प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देशकुल्लू ;17 अक्टूबर 2026 = प्रधान सचिव, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार डॉ. अभिषेक जैन ने कुल्लू जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. जैन ने 16 अक्टूबर को जल शक्ति विभाग के कुल्लू मंडल कार्यालय एवं विश्राम गृहों का प्रशासनिक निरीक्षण किया। इसके उपरांत मंडल कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने एसडीएमएफ एवं पीडीएनए के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, जलापूर्ति योजनाओं के पुनर्वास तथा जिले में संचालित अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यालयों में अभिलेखों का उचित विवरण सहित व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मैनुअल के अनुसार पुरानी वस्तुओं एवं रिकॉर्ड का सर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए।कुल्लू घाटी में बाढ़ निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर

डॉ. अभिषेक जैन ने वर्ष 2023 से कुल्लू घाटी में बार-बार आ रही बाढ़ की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बाढ़ निगरानी भवन की योजना एवं प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) डेटाबेस तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकों को शामिल किया जाए, ताकि भविष्य में बाढ़ जैसी आपदाओं की प्रभावी निगरानी एवं समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी से कार्य करने तथा विभागीय मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। दौरे के दूसरे दिन 17 अक्तूबर को डॉ. अभिषेक जैन ने वित्त सचिव के रूप में यूको बैंक का निरीक्षण किया तथा बैंक अधिकारियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने मनाली शहर की एएफडी वित्त पोषित सीवरेज परियोजना की संबंधित अधिकारियों एवं हितधारकों के साथ समीक्षा की। परियोजना के कार्यों में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को कार्य में तेजी लाने तथा परियोजना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान योजना कार्यों, जमा कार्यों एवं अन्य संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. जैन ने अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

CMYK

page 5_Layout 1 17-10-2026 20:13 Page 1

जालंधर में अवैध क्लीनिक पर रेड

संचालक नहीं दिखा सका डिग्री-लाइसेंस

बोला- घर पर रखे हैं; पत्नी के हेल्थ केयर सेंटर की भी जांच

डेली आवाज भारती



जालंधर। थाना लांबड़ा के अंतर्गत आते ताजपुर गांव में एक अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की गई। ड्रग इंस्पेक्टर अमित बंसल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान क्लीनिक संचालक मौके पर कोई भी वैध मेडिकल सर्टिफिकेट या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। प्रशासन ने क्लीनिक की दवाइयों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जालंधर के गांव ताजपुर में स्थित किरण क्लीनिक पर अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान जब अधिकारियों ने क्लीनिक संचालक से मेडिकल डिग्री, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और लाइसेंस मांगा, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पूछताछ में संचालक ने दावा किया कि उसके पास सर्टिफिकेट हैं, लेकिन वे घर पर रखे हुए हैं। मेडिकल नियमों के मुताबिक लाइसेंस और डिग्री को क्लीनिक पर लगाना अनिवार्य होता है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी संचालक और उसकी पत्नी की पास में ही एक और दुकान (गुरु कृपा हेल्थ केयर सेंटर) है। पुलिस जब दूसरी दुकान पर पहुंची, तो वहां भी कोई दस्तावेज नहीं दिखाया जा सका। मामले की जानकारी देते हुए ड्रग इंस्पेक्टर (जालंधर-2) अमित बंसल ने बताया कि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से चेकिंग के निर्देश मिले थे। फिलहाल दवाइयों के बिलों, स्टॉक और लाइसेंस की जांच चल रही है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अग्रवाल समाज और महाराजा अग्रसेन के इतिहास पर खास चर्चा



निहाल सिंह वाला (मोगा)/सिंगला : नगर पंचायत के पूर्व प्रेसिडेंट और जाने-माने समाजसेवी श्री इंद्रजीत कारग जॉली ने पत्रकारों से बात करते हुए अग्रवाल समाज पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हिंदू पौराणिक कथाओं और महाभारत में बताए गए मथुरा के मशहूर यादव राजा उग्रसेन (जिन्हें महाराजा अग्रसेन के नाम से भी जाना जाता है) का इतिहास बहुत अहम रहा है। जानकारी शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि उग्रसेन मथुरा के एक न्यायप्रिय और नेक शासक थे, लेकिन उनके बेटे कंस ने सत्ता के लालच में उन्हें गद्दी से उतारकर कैद कर लिया था और अपनी चचेरी बहन देवकी और उसके पति वासुदेव को भी कैद कर लिया था। बाद में जब भगवान कृष्ण ने दुष्ट कंस को हराया, तो उन्होंने अपने दादा उग्रसेन को जेल से रिहा करवाया और उन्हें फिर से मथुरा का राजा बनाया। इसके अलावा, बाद में जब यादव मथुरा छोड़कर द्वारका चले गए, तो वहां भी उग्रसेन को यादव संघ का मुखिया और राजा बनाया गया। इस मौके पर, इलाके की सच्ची और ज़रूरी खबरें सामने लाने के लिए न्यूज़ चैनलों के ज़रिए बातचीत की गई।

नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सात दिन में दूसरी बार सर्च अभियान

- चंडीगढ़ और पंचकूला बॉर्डर से सटे संवेदनशील हॉटस्पॉट इलाके पर पुलिस की पैनी नजर

डेली आवाज भारती



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के तहत पुलिस पार्टी की अगुवाई करते हुए चौकी इंचार्ज मलकीत सिंह।

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : नशे के हॉटस्पॉट के रूप में घोषित हरमिलाप नगर में नशे के खिलाफ पुलिस ने सात दिन के भीतर दूसरी बार सख्त सर्च अभियान चलाया। सीमावर्ती और संवेदनशील इलाका होने के कारण पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रख रही है। इस दौरान पुलिस टीम ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनके डोप टेस्ट करवाए, जिनमें से दो की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उनके खिलाफ एनडीपीएस (हृष्ठक्क) एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि बाकी तीन संदिग्धों से पूछताछ जारी है। त्योहारों के सीजन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए पुलिस ने यह कार्रवाई की है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने इलाके में स्थित चार केमिस्टों की दुकानों के अलावा कई घरों और अन्य संदिग्ध स्थानों सहित कुल 15 ठिकानों की बारीकी से तलाशी ली। हालांकि, इस व्यापक तलाशी के दौरान फिलहाल किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हरमिलाप नगर क्षेत्र चंडीगढ़ और पंचकूला की सीमाओं से जुड़ा हुआ है। भौगोलिक रूप से सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन इलाके में लगातार छापेमारी कर रहा है ताकि नशा तस्करों के नेटवर्क को तबाह किया जा सके।

पुलिस अधिकारियों का बयान

बलटाना चौकी इंचार्ज मलकीत सिंह ने बताया कि हरमिलाप नगर को नशे का हॉटस्पॉट घोषित किया गया है, जिसके चलते सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पकड़े गए पांच संदिग्धों में से दो के डोप टेस्ट पॉजिटिव आए हैं, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस की यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

राजस्थान में भीषण हादसा : एक्सप्रेसवे से 15 फीट नीचे गिरा टेंपो ट्रैवलर, 8 लोगों की मौत

भोपाल से खाटूश्यामजी जा रहा टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर गिरा

- वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री अंदर ही फंस गए
- पुलिस और रेस्क्यू टीम ने यात्री बाहर निकालने का चलाया अभियान
- सुबह 6 बजे हुआ हादसा, 15 फीट नीचे गिरा वाहन

डेली आवाज भारती



राजस्थान के कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से खाटूश्यामजी जा रहा टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 15 फीट नीचे गिर गया। भीषण हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 यात्री घायल हो गए। हादसे का शिकार सभी लोग मध्य प्रदेश के बैतूल के रहने वाले थे और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, हादसा शनिवार सुबह करीब 6 बजे कोटा जिले के सिमलिया थाना क्षेत्र में हुआ। टेंपो ट्रैवलर भोपाल से खाटूश्यामजी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कराड़िया टोल से कुछ किलोमीटर दूर वाहन पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री उसके अंदर फंस गए। घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सुबह अंधेरा होने के कारण राहत और बचाव कार्य शुरू करने में कुछ देरी हुई। कई मृतकों के शव सीटों के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे, जिन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, घायल यात्रियों को निकालने के लिए वाहन की खिड़कियां तोड़नी पड़ीं। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने सभी प्रभावित यात्रियों को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया।

भोपाल से खाटूश्यामजी के लिए निकला था परिवार

पुलिस के अनुसार, टेंपो ट्रैवलर में सवार सभी लोग आपस में रिश्तेदार थे और मध्य प्रदेश के बैतूल के निवासी थे। परिवार शुक्रवार शाम करीब 7 बजे भोपाल से राजस्थान के धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए रवाना हुआ था। बताया गया है कि सभी लोग चार दिन के राजस्थान दौरे पर आए थे और यात्रा के पहले दिन खाटूश्यामजी जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।

- सभी लोग मध्य प्रदेश के बैतूल के रहने वाले और आपसी रिश्तेदार
- हादसा शनिवार सुबह करीब 6 बजे कोटा के सिमलिया क्षेत्र में हुआ

न्यू चंडीगढ़: जरूरी मरम्मत के कारण 18 अक्टूबर को बिजली रहेगी गुल, ये इलाके होंगे प्रभावित

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़, (हरतेज सिंह तेजी) : खिजराबाद ग्रिड से चलने वाले 66 केवी (चड्ढ) सहित विभिन्न फीडरों में जरूरी मरम्मत कार्य के चलते 18 अक्टूबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 11 केवी फीडर खेड़ा और फीडर मुंधों से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ (सष्ठह) नितीश कुमार ने बताया कि रखरखाव के कार्य के कारण कस्बे खिजराबाद सहित कई प्रमुख गांवों में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रभावित होने वाले इलाकों में खेड़ा, सियालबा, लुबाणगढ़, बरसालपुर, थाना गोविंदगढ़, झंडेमाजरा, मेहरौली, मेहरमपुर टप्पलियां, गुन्नोमाजरा, बड़ौदी, चांदपुर, नागल गढ़ियां और मुंधों संगतियां शामिल हैं। एसडीओ ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए बिजली से जुड़े जरूरी काम समय से निपटाने की सलाह दी है।

नशा, गैंगस्टरवाद और LPU हिंसा पर बोले सांसद अशोक मित्तल, पंजाब सरकार को घेरा

जालंधर। जालंधर से राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने एमपी लैड फंड से कुल 1.50 करोड़ लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। दीप नगर, जालंधर कैंट में एक करोड़ रुपये और मॉडल टाउन स्थित शिवपुरी में 50 लाख रुपये की लागत से इमारतों का नवीनीकरण और नया निर्माण कराया जा रहा है। सांसद ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान मित्तल ने विकास कार्यों के साथ नशे, अपराध, कानून-व्यवस्था और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी अपनी बात रखी। सांसद ने कहा कि वह जालंधर कैंट के रहने वाले हैं और क्षेत्र की जरूरतों से परिचित हैं। इसी वजह से रामबाग श्मशान घाट में सुधार के लिए भी एमपी लैड फंड से एक करोड़ रुपये दिए गए हैं। उनका कहना है कि इन कार्यों से अंतिम संस्कार से जुड़ी सुविधाओं में सुधार होगा।

कृषि विभाग की केमिकल फैक्ट्री में छापेमारी, कृषि ग्रेड यूरिया खाद के 4,000 बैग जब्त

डेली आवाज भारती

एफ.आई.आर. दर्ज, दो व्यक्ति गिरफ्तार

अमृतसर। माननीय कृषि मंत्री सरदार गुरमीत सिंह खुड्डियां तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंजाब के निदेशक सरदार गुरजीत सिंह बराड़ के दिशा-निर्देशों और डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में जिले में कृषि ग्रेड की सब्सिडी वाली यूरिया खाद के दुरुपयोग और अवैध रूप से अन्य कार्यों में इस्तेमाल को रोकने के लिए विभिन्न फीड फैक्ट्रियों तथा अन्य औद्योगिक इकाइयों की लगातार जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत 16 अक्टूबर 2026 को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और जी.एस.टी. इंटेलिजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बल्ल कलां, मजीठा रोड स्थित मृदुल केमिकल्स के परिसर में छापेमारी की। इस दौरान कृषि में इस्तेमाल होने वाली यूरिया खाद के लगभग 4,000 बैग जब्त किए गए। जब्त की गई यूरिया खाद हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित है। कार्रवाई के दौरान जी.एस.टी. इंटेलिजेंस की टीम ने संबंधित औद्योगिक इकाई के कार्यालय रिकॉर्ड की भी जांच की और आवश्यक दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। इस मामले में डी.एस.पी. श्री यादविंदर सिंह ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955, उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई देर रात तक जारी रही और इस मामले में अब तक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की आगे की जांच जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कृषि अधिकारी, अमृतसर सरदार अमरजीत सिंह दोसांझ ने बताया कि कृषि ग्रेड यूरिया एक विनियमित एवं सब्सिडी वाली खाद है, जिस पर किसानों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है। इसलिए इसका उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए ही किया जाना अनुमत है। दूसरी ओर, औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल के लिए खाद कंपनियों द्वारा तकनीकी ग्रेड यूरिया उपलब्ध करवाई जाती है, जिस पर सरकार की ओर से कृषि ग्रेड यूरिया की तरह सब्सिडी नहीं दी जाती। उन्होंने बताया कि जब्त की गई खाद के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। पंजाब सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की जांच और छापेमारी लगातार जारी रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी औद्योगिक इकाई में सब्सिडी वाली कृषि ग्रेड यूरिया का अवैध इस्तेमाल या अन्यत्र उपयोग के लिए डायवर्जन पाया गया।

खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के तहत राज्य स्तरीय तीरंदाजी और रग्बी प्रतियोगिताओं का आगाज

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने किया उद्घाटन; युवाओं को नशों से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का दिया न्योता

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब सरकार और खेल विभाग पंजाब द्वारा खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के तहत अमृतसर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय तीरंदाजी और रग्बी प्रतियोगिताओं का उद्घाटन आज लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा किया गया। ये प्रतियोगिताएं 17 से 23 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री ने बताया कि तीरंदाजी प्रतियोगिताएं गुरु नानक स्टेडियम, अमृतसर में तथा रग्बी प्रतियोगिताएं खालसा कॉलेज और खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अमृतसर में आयोजित की जा रही हैं। तीरंदाजी प्रतियोगिताएं अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21, 21-30 और 31-40 आयु वर्गों में, जबकि रग्बी प्रतियोगिताएं अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21 और 21-30 आयु वर्गों में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया था और जिला स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने युवाओं को नशों से दूर रहने और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

आज के खेल परिणाम

रग्बी (अंडर-14 लड़के):- पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मानसा की टीम ने फतेहगढ़ साहिब की टीम को 5-0 के अंतर से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अमृतसर की टीम ने कपूरथला को 5-0 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की।

तीरंदाजी: अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21, 21-30 और 31-40 आयु वर्गों के कंपाउंड और रिकर्व वर्गों के रैंकिंग मुकाबले जारी रहे। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्री गुरप्रीत सिंह के अलावा खेल विभाग के कोच और कार्यालयी स्टाफ भी उपस्थित थे।

गांव वडाला बांगर में 25 हजार रुपये नकदी लूटकर फरार

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर जिले के गांव वडाला बांगर में शनिवार तड़के लूट की एक बड़ी वारदात सामने आई है। दो अज्ञात बदमाशों ने गांव की पूर्व सरपंच जसबीर कौर काहलों को उनके ही घर में बंधक बना लिया। लुटेरे बुजुर्ग महिला से सोने की बालियां और अलमारी में रखे 25 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। पीड़ित जसबीर कौर काहलों ने बताया कि उनके बच्चे कनाडा और इटली में रहते हैं, जिसके कारण वह घर में अकेली रहती हैं। शुक्रवार शाम को दो लोग उनके घर आए थे, जिन्होंने खुद को जेल से आया हुआ बताया और उनके दिवंगत पति के बारे में पूछताछ की थी शनिवार सुबह करीब 6 बजे जब पूर्व सरपंच पड़ोसियों के घर से लौटकर अपने घर पहुंचीं, तो वही दोनों संदिग्ध व्यक्ति गेट पर पहले से खड़े थे। घर में घुसते ही बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया। जबरन उनके कानों से सोने की बालियां उतारीं और अलमारी में पड़े 25,000 रुपये निकाल लिए। आरोपी पहचान छिपाने की नीयत से घर में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर (DVR) भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना कलानौर के एसएचओ अमनदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। बदमाशों का सुराग लगाने के लिए गांव और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने देवीदासपुरा से सी.एच.सी. मानांवाला जाने वाली सड़क पर 68.65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुल का नींव पत्थर रखा

- छह महीने के भीतर पूरा किया जाएगा पुल का निर्माण कार्य

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब सरकार द्वारा राज्य में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने तथा लोगों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा क्षेत्र जंडियाला गुरु के गांव देवीदासपुरा से सी.एच.सी. मानांवाला जाने वाली सड़क पर ड्रेन के ऊपर 68.65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो स्पैन के पुल का नींव पत्थर रखा। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और सड़क संपर्क व्यवस्था और बेहतर होगी। पुल के निर्माण कार्य को छह महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा उनका आना-जाना और सुगम होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जंडियाला गुरु में विकास कार्य लगातार जारी हैं तथा इन कार्यों के लिए अनुदान की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

जालंधर में 24 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेजों में आधे दिन की छुट्टी, डीसी ने जारी किए आदेश

वाल्मीकि जयंती को लेकर प्रशासन ने अहम फैसला लिया

डेली आवाज भारती



- इस मौके पर जालंधर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी
- धार्मिक आयोजन में लोगों की परेशानी कम करना उद्देश्य

जालंधर। जालंधर में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव (वाल्मीकि जयंती) को लेकर प्रशासन ने अहम फैसला लिया है। 24 अक्टूबर को निकाली जाने वाली शोभायात्रा के मद्देनजर शहर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों तथा ढ्ढह्ढ में आधे दिन की छुट्टी घोषित की गई है। डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेशों के मुताबिक, 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद छुट्टी रहेगी। भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर जालंधर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान शहर में लोगों की आवाजाही बढ़ने और यातायात प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है।

प्रशासन का उद्देश्य परेशानी कम करना है

यह आदेश जालंधर नगर निगम की सीमा के भीतर आने वाले सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों तथा ढ्ढह्ढ पर लागू होंगे। प्रशासन का उद्देश्य धार्मिक आयोजन के दौरान लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करना है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

श्रेया घोषाल का 'अनस्टॉपेबल टूर

' फिर दक्षिण अफ्रीका में, डरबन और प्रिटोरिया में बिखरेगा जादू

उत्तरी अमेरिका के मंच पर धूम मचाने के बाद मशहूर गायिका श्रेया घोषाल इस दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में अपना 'अनस्टॉपेबल टूर' लेकर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह 4 दिसंबर 2026 को डरबन आईसीसी में परफॉर्म करेंगी। इसके बाद 5 दिसंबर 2026 को प्रिटोरिया के सनबेट एरिना टाइम स्क्वायर में भी उनका एक शो है। दक्षिण अफ्रीका लौटने को लेकर अपना उत्साह जताते हुए श्रेया घोषाल ने कहा, दक्षिण अफ्रीका हमेशा से ही एक खास जगह रही है और मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपना 'अनस्टॉपेबल टूर' डरबन और प्रिटोरिया लेकर आ रही हूं। जब भी मैं दुनिया भर के दर्शकों के सामने परफॉर्म करती हूं तो मुझे याद आता है कि संगीत कैसे हमें एक साथ लाता है, चाहे हम कहीं से भी आए हों या कोई भी भाषा बोलते हों। गायिका ने आगे कहा, अमेरिका में मिले शानदार अनुभव के बाद और अब भारत में होने वाले टूर से पहले मैं इस सफर को आगे बढ़ाने और दक्षिण अफ्रीका में अपने फैंस से फिर से मिलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं वापस स्टेज पर जाने, आपके साथ ये गाने गाने और इस दिसंबर में कुछ खूबसूरत यादें बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। बता दें कि श्रेया पहली भारतीय कलाकार हैं, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट के लिए स्पॉटिफाई यूजर्स को 'प्री-सेल की सुविधा दी है, जिससे उन्हें टिकट पहले मिल सकेंगे। यह प्री-सेल 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजे (सेंट्रल अफ्रीका समय) शुरू होगी और 19 अक्टूबर को सुबह 7:59 बजे (सेंट्रल अफ्रीका समय) खत्म होगी। इसके अलावा, 19 अक्टूबर को सुबह 8 बजे (सेंट्रल अफ्रीका समय) से 20 अक्टूबर को सुबह 7:59 बजे (सेंट्रल अफ्रीका समय) तक एक और प्री-सेल का मौका मिलेगा। इसके बाद, 20 अक्टूबर से आम जनता के लिए टिकटों की बिक्री शुरू हो जाएगी। इस बीच, श्रेया ने हाल ही में राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' के रोमांटिक गाने 'तुझ में बसी मेरी जान' के लिए गायक सोनू निगम के साथ फिर से काम किया है। सोनू निगम के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए श्रेया ने कहा, 'तुझ में बसी मेरी जान' प्यार, साथ और उन छोटे-छोटे पलों का एक खूबसूरत जश्न है, जो किसी रिश्ते को खास बनाते हैं। इस गाने में एक बहुत ही प्यारा और रोमांटिक एहसास है और मुझे अपनी आवाज के जरिए उस जज्बात को जीवंत करने में बहुत मजा आया। सोनू के साथ गाने पर हमेशा एक खास संगीतमय एहसास मिलता है, और यह गाना भी इससे अलग नहीं था।





दिग्गज

दुर्गा सप्तमी पर हेमा मालिनी ने याद किया मां काली का किरदार

फैंस के लिए शेयर किया पुराना क्लिप

अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने दुर्गा सप्तमी के मौके पर फैंस को शुभकामनाएं दीं। अभिनेत्री ने शनिवार को जय दक्षिणेश्वर काली मां में निभाए गए मां काली के किरदार को याद किया। हेमा मालिनी ने इंस्टाग्राम पर अपने एक फैन द्वारा शेयर किया गया फिल्म का वीडियो क्लिप शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने बताया कि गायिका अनुराधा पौडवाल के गाने को कितने प्यार और भक्ति के साथ फिल्माया गया था। शेयर किए गए इस वीडियो में अभिनेत्री हेमा मालिनी भक्ति फिल्म जय दक्षिणेश्वर काली मां में मां काली के वेश में हैं और राक्षसों का किरदार निभा रहे कलाकारों के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। फिल्म में उनका मां काली का किरदार उनकी फिल्मी सफर का एक यादगार हिस्सा है। क्लिप को शेयर करते हुए हेमा ने लिखा, दुर्गा सप्तमी के शुभ अवसर पर मैं अपने एक प्यारे फैन विशाल कुमार द्वारा शेयर किया गया एक वीडियो क्लिप पेश कर रही हूं। यह क्लिप फिल्म 'मां दक्षिणेश्वरी काली' की है और इस खूबसूरत गाने को अनुराधा पौडवाल ने गाया है। जब मैंने यह क्लिप देखी तो मुझे याद आया कि किस प्यार और भक्ति के साथ अनुराधा जी ने इस डांस को शूट करवाया था। आप सभी को नवरात्रि और दुर्गा सप्तमी की हार्दिक शुभकामनाएं। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने डांस की शूटिंग को याद करते हुए उन्होंने लिखा, जब मैंने यह क्लिप देखी तो मुझे याद आया कि किस प्यार और भक्ति के साथ अनुराधा जी ने इस डांस को शूट करवाया था। 1996 में आई भक्ति फिल्म 'जय दक्षिणेश्वर काली मां' में दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मां काली का किरदार निभाया था। फिल्म की कहानी 'ज्योति' नामक युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो देवी काली की परम भक्त है। ज्योति को उसके परिवार और खासकर उसकी सास द्वारा काफी प्रताड़ित और सताया जाता है। जब उस पर अत्याचार बढ़ जाते हैं और वह असहाय हो जाती है, तब उसकी सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर देवी काली (हेमा मालिनी) प्रकट होती हैं। देवी काली ज्योति की रक्षा करती हैं, उसे अन्याय के खिलाफ लड़ने और आत्मसमान के साथ खड़ा होने की शक्ति देती हैं।

राजपाल यादव ने पत्नी को जन्मदिन पर दी विशेष शुभकामना, परिवार का 'हीरा' बताया



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए फेमस राजपाल यादव ने सोशल मीडिया पर पत्नी राधा को जन्मदिन की स्पेशल शुभकामना दी। इतना ही नहीं, अभिनेता राजपाल यादव ने पत्नी को परिवार का 'हीरा' भी बताया। शनिवार को बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता राजपाल यादव ने अपनी पत्नी के साथ एक मनमोहक कपल फोटोशेयर की और अपने जीवन में उनके जैसा कोई व्यक्ति पाने के लिए अपने भाग्य को धन्यवाद दिया। उन्होंने खुलासा किया कि मेरे साथ इतना कुछ सहने के बाद भी उन्होंने मेरा साथ नहीं छोड़ा और चट्टान की तरह मजबूती से मेरे साथ खड़ी रहीं। अभिनेता राजपाल यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, माता-पिता, गुरु (दद्दा), मेरे अंदर के मनोरंजन कुमार (एमआरके) और परम पिता परमेश्वर, परमात्मा रूपी ब्रह्मांड के बाद, अगर मेरी जिंदगी में किसी का सबसे बड़ा कर्ज है, तो वह है मेरी प्रिय राधा का इस कर्ज को मैं हृदय से, खुशी-खुशी हमेशा के लिए स्वीकार करता हूं और इस बात पर गर्व भी महसूस करता हूं कि तुम मेरी जिंदगी में आई। जिंदगी की आपाधापी के हर मोड़ पर साथ रहे। हर मुश्किल घड़ी में, बिना आपा खोए, मेरा साथ कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने आगे कहा, मेरे साथ इतना सब कुछ सहने के बाद भी, तुमने मेरे परिवार के बच्चों को अच्छे से पढ़ाया-लिखाया और उन्हें जिंदगी की सीख दी। ये सपना मेरा था, लेकिन इसे पूरा तुमने किया। आज तक तुमने मुझसे अपने लिए कुछ भी नहीं मांगा, बल्कि अपना सब कुछ मेरे और मेरे परिवार की खुशियों के लिए न्योछावर कर दिया। राधा की तारीफ करते हुए उन्होंने शेयर किया, सच कहूं तो आप हमारे परिवार में एक हीरा हैं। राजपाल ने भावुक जन्मदिन पोस्ट के अंत में लिखा, इस सबके लिए मैं जीवन भर तुम्हारा आभारी था, आभारी हूं और हमेशा आभारी रहूंगा। मेरी प्रियतमा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमेशा तुम्हें प्यार करता हूं, मेरी जान राधा। बता दें कि अभिनेता राजपाल यादव की पहली पत्नी करुणा का बच्चे के जन्म के कुछ समय बाद ही निधन हो गया था। उनसे उनकी एक बेटी ज्योति है। बाद में राजपाल यादव ने राधा से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं - हर्षिता और रेहांशी।

80 साल से दुर्गा मां का स्वागत कर रहा मुखर्जी परिवार

तनुजा ने दिया सभी को न्योता

हर साल की तरह इस साल भी अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी के परिवार ने दुर्गा पूजा के अवसर पर मां दुर्गा के भव्य पंडाल का आयोजन करवाया। इस पारंपरिक उत्सव में बॉलीवुड अभिनेत्रियां काजोल, रानी मुखर्जी, तनीषा मुखर्जी और उनकी मां तनुजा समेत पूरा परिवार मां दुर्गा के दरबार में शामिल हुआ। इस अवसर पर तनुजा मुखर्जी और तनीषा मुखर्जी ने आईएएनएस के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मां दुर्गा का स्वागत करते-करते उन्हें इस परंपरा को निभाते हुए 80 साल हो गए हैं। अभिनेत्री तनुजा मुखर्जी ने कहा, ÷हम लोगों को माता रानी का स्वागत करते हुए 80 साल होने जा रहे हैं, तो हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि दुर्गा मां 80 साल से हमारे साथ हैं। इस बार माता रानी के पंडाल को और भी ज्यादा भव्य तरीके से सजाया गया है। इस अवसर पर मैं सभी को माता रानी के पंडाल में आकर उनका आशीर्वाद लेने के लिए आमंत्रित करना चाहती हूं। जब आईएएनएस ने अभिनेत्री से कहा कि उनके पंडाल की चर्चा बहुत सुनने के लिए मिलती है, तो अभिनेत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷यह जानकर बहुत खुशी हुई कि हमारे पंडाल की चर्चा देश भर में हैं और मुझे लगता है कि माता रानी का आगमन भव्य ही होना चाहिए, क्योंकि माता रानी जितने भव्य तरीके से आएंगी उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने आगे कहा, मां अपने बच्चों के लिए सब कुछ करती हैं। चाहे वे हमारी दुर्गा मां हो या फिर किसी कि भी मां। सभी को उनका आदर करना चाहिए और कभी भी उनकी बात को टालना नहीं चाहिए। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी दुर्गा मां का आगमन करने के बाद आईएएनएस के साथ बातचीत की। उन्होंने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, ÷इस बार हमें दुर्गा मां को लाते हुए 80 साल हो रहे हैं और यह हम सभी के लिए बहुत खास है, क्योंकि भारत को आजादी भी लगभग 80 साल पहले मिली थी। मुझे लगता है कि हम दोनों एक साथ बढ़ रहे हैं, जैसे-जैसे भारत ने प्रगति की है, वैसे-वैसे हमारी दुर्गा पूजा भी बड़ी होती गई है। हमारी दुर्गा पूजा को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं, तो हम चाहते हैं कि इस साल भी बहुत से लोग आएं और हमारी पूजा में शामिल हों। मैं अपनी उत्सुकता को शब्दों में बयां भी नहीं कर सकती। पूजा के हमारे जो रीति-रिवाज हैं, इस बार अष्टमी के दो दिन हैं, जो हमारे लिए बहुत मजेदार है।




27वीं सालगिरह पर श्रीराम नेने ने किया माधुरी को विश

बोले- तुम आज भी मेरी फेवरेट हो

मुंबई। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित शनिवार को अपनी शादी की 27वीं सालगिरह मना रही हैं। इस खास अवसर पर उनके पति डॉ. श्रीराम नेने ने उनकी पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों से संपन्न हुई शादी को याद किया। डॉ. नेने ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी से जुड़ी यादगार तस्वीरों को समेटता एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके वैवाहिक जीवन के शुरुआती दिनों की झलक देखने को मिलती है। साथ ही रिंग सेरेमनी और परिवार व करीबी लोगों के साथ मनाए गए खुशी के पल भी इसमें शामिल हैं। अपनी इस पोस्ट के जरिए डॉ. श्रीराम नेने ने बताया, 卐शादी के दो दिन बाद हमने परिवार, परंपराओं, आशीर्वाद और हमारी विवाह शादी की पवित्र प्रतिज्ञाओं के साथ अपने प्यार का जश्न मनाया। 17 अक्टूबर 1999 को हमने हर खुशी, हर चुनौती और हर सफर में साथ-साथ चलने का वादा किया था।卐 अपनी शादी के 27 सालों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि शादी के दौरान लिए गए सात फेरों ने उन्हें उनकी सोच से भी कहीं आगे तक पहुंचा दिया है। उन्होंने लिखा, 卐27 साल बाद, उन सात फेरों ने हमें हमारी सोच से भी कहीं आगे पहुंचा दिया है। प्यार में पड़े दो लोगों से लेकर एक खूबसूरत परिवार और साथ देखे गए सपनों की पूरी जिंदगी तक, यह सफर कितना शानदार रहा है।





डॉ. श्रीराम नेने ने अपनी पत्नी और अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को अपना पसंदीदा इंसान, अच्छी दोस्त और सबसे बड़ी एडवेंचर बताया। साथ ही, आने वाले कई साल साथ बिताने की इच्छा जाहिर की।उन्होंने लिखा, 卐माधुरी, तुम आज भी मेरी सबसे पसंदीदा इंसान, मेरी सबसे अच्छी दोस्त और मेरी सबसे बड़ी एडवेंचर हो। चलो, साथ में अगले कई लाख कदम और चलते हैं।卐 माधुरी ने 17 अक्टूबर 1999 को श्रीराम से शादी की थी, उस समय अभिनेत्री हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी स्टार्स में से एक थीं। कैलिफोर्निया में हुई उनकी शादी को बेहद प्राइवेट रखा गया था। उनकी शादी की खबर इतनी सीक्रेट रखी गई थी कि इंडस्ट्री के लोगों को भी इसका पता बाद में चला। शादी के बाद वह कुछ समय के लिए अमेरिका (डेनवर) जाकर बस गईं। कपल के दो बेटे अरिन और रयान हैं।

माथे पर टीका लगाने से फराह खान ने किया इनकार, वीडियो वायरल होते ही हुईं ट्रोल

फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान इन दिनों सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने एक इवेंट में माथे पर टीका लगवाने से मना कर दिया था, जिसके बाद उनका ये रिएक्शन देखकर लोग उनकी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। फराह खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह होटल स्टाफ लॉबी में आरती की थाली से फिल्ममेकर का स्वागत कर रहा है लेकिन जब एक स्टाफ मेंबर उनके माथे पर टीका लगाने आती है, तो फराह मना कर देती हैं और कलाई पर टीका लगवा लेती हैं। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया और ट्रोलर्स ने फिल्ममेकर की आलोचना शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा - फराह खान को बुरा लग जाता है जब एक महिला स्वागत के तौर पर उन्हें टीका लगाती है। सोचिए, नेल पॉलिश लगाना जो इस्लाम में हराम है, वो पहन रही हैं लेकिन टीका लगाने से नाराज हो रही हैं क्योंकि नेल पॉलिश स्टाइल है और टीका हिंदू परंपरा है। बॉलीवुड के तथाकथित सेलेब्स का यही क्लासिक रूप है। एक और ट्रोलर ने लिखा, फराह खान ने पहले फूलों की बारिश से मना किया, फिर माथे पर कुमकुम लगाने से साफ मना कर दिया। जब उन्हें पता है कि वहां ऐसे प्रोसीजर होंगे, तो वे ऐसी जगहों पर जाते ही क्यों हैं? कुछ लोगों को बस कॉन्ट्रोवर्सी खड़ी करने की खुजली होती है। क्या फराह खान को इस तरह से बेइज्जती करना शोभा देता है? जिन्होंने उन्हें बुलाया, वे भी उतने ही बेवकूफ हैं।卐 एक यूजर ने सवाल किया, वह पब्लिक में सेक्युलर दिखती हैं, अगर ऐसा है तो सेक्युलर फराह खान ने माथे पर टीका लगाने से मना क्यों किया? हालांकि, अभी तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि कोरियोग्राफर का ये वीडियो कहां का है और वे किस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची थीं। फराह खान भारतीय सिनेमा की जानी-मानी कोरियोग्राफर और फिल्ममेकर हैं, जिन्होंने अपने करियर में बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक के गाने कोरियोग्राफ किए हैं। 2004 में फिल्म 'मैं हूं ना' से डायरेक्शन में डेब्यू किया था, इसके बाद 2007 में 'ओम शांति ओम' बनाई। बाद में उन्होंने 2010 में 'तीस मार खान' और 2014 में 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी म्यूजिकल फिल्मों का डायरेक्शन किया।



page 7_Layout 1 17-10-2026 21:34 Page 1

रूल ऑफ माफिया से मुक्त हुआ यूपी

अब रूल ऑफ लॉ का राज : मुख्यमंत्री योगी

डेली आवाज भारती

लखनऊ । यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश %रूल ऑफ माफिया% से मुक्त हुआ है और %रूल ऑफ लॉ% लागू हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कानून-व्यवस्था और निवेश को लेकर संदेह रहता था। माफिया से विकास बाधित था। सरकार ने कानून का शासन स्थापित कर प्रदेश की छवि बदली है। कोई व्यक्ति या पद संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि अन्याय सामने हो तो चुप रहना विकल्प नहीं है। फैसला इतिहास सुनाएगा, लेकिन बहस आपको करनी है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को डॉ. राम मनोहर



लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने मेधावियों को पदक दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के साथ 25 जून 1975 भी लोकतंत्र की महत्वपूर्ण तारीख है। आपातकाल ने %रूल ऑफ लॉ% और %रूलर ऑफ लॉ% का अंतर समझाया। न्यायमूर्ति एचआर खन्ना की असहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि सिद्धांतों के पक्ष में लिया निर्णय इतिहास में स्थान बनाता है। युवा अधिवक्ताओं को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि %सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदः% को चैंबर की दीवार पर नहीं, हृदय में उतारें। सत्य और निरंतर अध्ययन अधिवक्ता के जीवन का आधार हो। डॉ. लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधिवेत्ता में शिव जैसा मस्तिष्क, कृष्ण जैसा हृदय और राम जैसा वचन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना को मुकदमे के रूप में प्रस्तुत किया। कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के इस दावे की पैरवी तथ्यों, साक्ष्यों और ईमानदारी से करनी होगी। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका होगी। प्रदेश को 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कार्ययोजना तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता काम आसान कर सकती है, लेकिन अंतिम निर्णय इंसान के विवेक से होना चाहिए। लापरवाह मसौदे से निर्दोष व्यक्ति को स्वतंत्रता गंवानी पड़ सकती है। डीपफेक और साइबर अपराधों ने साक्ष्यों की विश्वसनीयता की चुनौती पैदा की है।

इंटरनेट का इस्तेमाल बच्चों का भी मौलिक अधिकार

सुरक्षा के नाम पर पूरी तरह वंचित करना गलत : सुप्रीम कोर्ट

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट के इस्तेमाल और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि इंटरनेट तक पहुंचने के अधिकार से बच्चों को पूरी तरह वंचित करना उचित नहीं होगा। बच्चों को भी अन्य लोगों की तरह संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मौलिक अधिकार हासिल हैं। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं। बच्चों को इंटरनेट से पूरी तरह दूर कर देना उनकी ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने का सही समाधान नहीं है। इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने से बच्चे असुरक्षित और



अनियंत्रित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर जा सकते हैं, जिससे उनके सामने नए जोखिम पैदा हो सकते हैं।

कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री पर नियंत्रण के लिए कई उपाय भी सुझाए। इनमें बच्चों के ऑनलाइन खातों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, माता-पिता की सहमति और मार्गदर्शन को बढ़ावा देना तथा बच्चों के निजी खातों को प्राथमिकता देना शामिल है। इसके साथ ही अनजान वयस्कों की ओर से बच्चों को भेजे जाने वाले संदेशों को सीमित करने जैसे सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार बच्चों को अश्लील वेबसाइटों और अन्य हानिकारक ऑनलाइन सेवाओं से दूर रखने के लिए उचित प्रतिबंध लगा सकती है। इसका उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन दुनिया में मौजूद खतरों से बचाना और उनके लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण तैयार करना होना चाहिए।

कोर्ट ने बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री की पहचान करने और उसे हटाने के लिए सरकार को एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने का निर्देश भी दिया है।

ईरान को ऐसी ताकत बनना जरूरी, जिस पर हमला करने की हिम्मत न करे दुश्मन : पेजेश्कियन

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने उन्नत तकनीकों को विकसित करने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि उनका देश उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की इच्छा रखता है, ताकि कोई भी दुश्मन ईरान पर हमला करने का साहस न जुटा सके। उन्होंने मिसाइल निर्माण सहित उन्नत तकनीकों में देश की हालिया उपलब्धियों को ईरान के मानव संसाधन और वैज्ञानिक क्षमताओं का प्रमाण बताया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, पेजेश्कियन शनिवार को तेहरान के पास इस्लामशहर में स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कई धर्मगुरु और शिक्षा जगत की जानी मानी शख्सियतें मौजूद थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷ईरान ने तकनीकी विकास के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन देश को मौजूदा स्थिति से कहीं बेहतर प्रदर्शन करने



की जरूरत है। प्रांतीय गवर्नरों, अधिकारियों, इमामों, विभिन्न परिवारों और सभी संबंधित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ÷ईरान के भविष्य का सम्मान या अपमान इन्हीं बच्चों पर निर्भर करता है। हमें मिलकर एक ऐसी पीढ़ी तैयार करनी होगी जो संवेदनशील, नैतिक, रचनात्मक और सक्षम हो, तथा जो बातचीत के लिए तैयार रहे। एक ऐसी पीढ़ी जो केवल नारों से नहीं, बल्कि अपने कार्यों से देश की समस्याओं का समाधान करे। पेजेश्कियन ने कहा, हम इससे कहीं बेहतर कर सकते हैं, ताकि ईरान ऐसी स्थिति में पहुंच जाए, जहां कोई दुश्मन उस पर हमला करने की हिम्मत न करे।÷ उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने में शिक्षा की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सक्षम और योग्य लोगों को तैयार करने में शिक्षा की बुनियादी भूमिका है। इस बीच, ईरान की %असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स% ने चेतावनी दी है कि ÷दुश्मन के खतरों को कम करके आंकना नहीं चाहिए।÷ यह बात देश की समाचार एजेंसी आईएसएनए द्वारा जारी एक बयान में कही गई है। बयान में आगे कहा गया कि मौजूदा समस्याओं से इनकार न करें, उम्मीद को कम न होने दें, कमियों को दूर करने में लापरवाही न बरतें, और जैसी स्थिति है, उसी में संतुष्ट होकर न बैठ जाएं। असेंबली ने कहा कि हमें शासन व्यवस्था को अधिक कुशल, न्यायपूर्ण, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने का प्रयास करना चाहिए, और साथ ही राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया।

यूएस ट्रेजरी में चीन की घटी हिस्सेदारी

भारत की होल्डिंग बढ़कर 219 अरब डॉलर के पार

डेली आवाज भारती

वाशिंगटन । यूएस ट्रेजरी में चीन की हिस्सेदारी अगस्त में तेजी से गिरी है, जबकि भारत की होल्डिंग में लगातार तीसरे महीने इजाफा दर्ज किया गया है। यह जानकारी अमेरिकी सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। ट्रेजरी इंटरनेशनल कैपिटल (टीआईसी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगस्त के अंत में चीन की होल्डिंग्स जुलाई के 618 अरब डॉलर से घटकर 590.7 अरब डॉलर रह गई हैं। यह आंकड़ा एक साल पहले अगस्त 2025 में 699.7 अरब डॉलर पर था। यह दिखाता है कि बीते 12 महीनों में चीन की यूएस ट्रेजरी होल्डिंग्स में लगभग 109 अरब डॉलर की कमी आई है। अगस्त में भारत की होल्डिंग्स जुलाई के 202.6 अरब डॉलर से बढ़कर 219.7 अरब डॉलर हो गई हैं, जो एक ही महीने में लगभग 17 अरब डॉलर की बढ़ोतरी को दिखाता है। इस साल अप्रैल में



भारत की होल्डिंग्स गिरकर 181 अरब डॉलर के निचले स्तर पर आ गई थीं, लेकिन उसके बाद इनमें लगातार सुधार हुआ है और मई में ये 181.3 अरब डॉलर, जून में 186.4 अरब डॉलर और जुलाई में 202.6 अरब डॉलर तक पहुंच गईं। अब ये लगभग उसी स्तर पर वापस आ गई हैं, जहां एक साल पहले थीं।

ताजा आंकड़ों के बाद, दो एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की होल्डिंग्स के बीच का अंतर, जो एक साल पहले लगभग 480 अरब डॉलर था, अब घटकर लगभग 371 अरब डॉलर रह गया है।

अमेरिकी ट्रेजरी की प्रमुख विदेशी धारकों की सूची में, भारत 14वें स्थान पर है। इस सूची में हांगकांग 261.5 अरब डॉलर के साथ भारत से आगे है, जबकि नॉर्वे 214 अरब डॉलर के साथ भारत के ठीक पीछे है। जापान 1,068.3 अरब डॉलर की होल्डिंग के साथ सबसे बड़ा विदेशी धारक बना हुआ है, हालांकि जुलाई में इसकी होल्डिंग 1,103.9 अरब डॉलर थी। यूनाइटेड किंगडम 1,009.5 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन (मुख्य भूमि) तीसरे स्थान पर है। इसके बाद बेल्जियम 490.5 अरब डॉलर, कनाडा 464.6 अरब डॉलर, केमैन आइलैंड्स 463 अरब डॉलर और लक्जमबर्ग 448.2 अरब डॉलर का स्थान है।

यूएस ट्रेजरी ने बताया कि अगस्त में 199.8 अरब डॉलर का नेट टीआईसी इनफ्लो हुआ। इसमें कहा गया है, ÷विदेशी निवासियों ने अगस्त में दीर्घकालिक अमेरिकी सिक्योरिटीज में अपनी होल्डिंग बढ़ाई, उनकी शुद्ध खरीदारी 300.7 अरब डॉलर रही।÷ वहीं दूसरी ओर, ÷विदेशी निवासियों ने अमेरिकी ट्रेजरी बिलों में अपनी होल्डिंग 47.8 अरब डॉलर कम कर दी।

ट्रेजरी के अनुसार, सितंबर महीने के आंकड़ों को कवर करने वाली अगली टीआईसी रिपोर्ट 18 नवंबर को जारी की जाएगी।

कुल्लू दशहरा 21 से 27 अक्टूबर तक

347 देवी-देवताओं को न्योता, ड्रोन और लेजर शो समेत कई आकर्षण; आयोजन से पहले विवाद

डेली आवाज भारती

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा इस साल 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय उत्सव में 347 देवी-देवताओं और 20 देशों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में पारंपरिक देव संस्कृति, लोक नृत्य और संगीत के साथ ड्रोन शो, लेजर शो तथा ग्लोबल डांस कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। हालांकि, उत्सव शुरू होने से पहले देवताओं की प्रामाणिकता, कारदारों की भूमिका और बजंतरियों के नजराने के भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। देवताओं और कारदारों की प्रामाणिकता पर उठे सवाल देव संस्कृति चैरिटेबल संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने करीब 136 कारदारों और उनसे



संबंधित देवी-देवताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दशहरा आयोजन समिति की कार्यप्रणाली पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल 30 नवंबर 2024 को समाप्त हो चुका था, इसलिए इसके बाद लिए गए फैसलों की समीक्षा की जानी चाहिए।

दूसरी ओर, जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनके अनुसार, संघ में जिले के सभी 13 खंडों के कारदार शामिल हैं। गैर-माफीदार देवी-देवताओं को भी संविधान के तहत सदस्यता का अधिकार प्राप्त है। दोत राम ठाकुर ने बताया कि 25 सितंबर 2026 को आयोजित जनरल हाउस में जिला और खंड कार्यकारिणियों का कार्यकाल सर्वसम्मति से 31 मार्च 2027 तक बढ़ाया गया। साथ ही, चुनाव 30 अप्रैल 2027 तक कराने का निर्णय लिया गया है।

बजंतरियों के नजराने के भुगतान पर भी मतभेद

कुल्लू दशहरे में देवी-देवताओं के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने वाले बजंतरियों को दिए जाने वाले नजराने को लेकर भी अलग-अलग मांगें सामने आई हैं। देव संस्कृति चैरिटेबल संस्था और बजंतरी संघ चाहते हैं कि उत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक बजंतरी के बैंक खाते में पहले ही दिन भुगतान कर दिया जाए। दोनों पक्षों का तर्क है कि बजंतरी लगातार सात दिनों तक अपनी सेवाएं देते हैं। इनमें कई लोग आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। ऐसे में उत्सव समाप्त होने तक भुगतान का इंतजार करना उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। वहीं, कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर के मुताबिक, दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष और विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की मौजूदगी में कारदार संघ तथा बजंतरी संघ के बीच सहमति बनी है कि नजराने का भुगतान उत्सव के समापन पर किया जाएगा। संबंधित फार्म का सत्यापन कारदार करेंगे। भुगतान की प्रक्रिया को लेकर विभिन्न पक्षों के बीच सामने आए मतभेदों के मद्देनजर अंतिम नियमों और बैठक की कार्यवाही की पुष्टि महत्वपूर्ण होगी।

बेंगलुरु में भारी बारिश से जलभराव, भाजपा ने 'ब्रांड बेंगलुरु' को लेकर कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

डेली आवाज भारती

बेंगलुरु । भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने शनिवार को बेंगलुरु में जलभराव और कचरे के जमाव को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि %ब्रांड बेंगलुरु% पहल को बढ़ावा देने के बावजूद सरकार नागरिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। पूर्वोत्तर मानसून के तेज होने के कारण 16 अक्टूबर की देर शाम और रात भर बेंगलुरु में भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण भीषण जलभराव हुआ और अंडरपास जलमग्न हो गए। बारिश का पानी कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घुस गया और प्रमुख सड़कों पर यात्रियों को भारी जाम और धीमी गति से चलने वाले यातायात का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि लगातार बारिश के कारण सड़कें झीलों में तब्दील हो गई हैं और जलभराव वाले अंडरपास में गाड़ियां डूब रही हैं, वहीं शहरभर में कूड़े के



ढेर और दुर्गंध आम बात हो गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से सरकार की बहुचर्चित 'ब्रांड बेंगलुरु' पहल पर सवाल उठाते हुए कहा, 'यह है हमारे सिलिकॉन सिटी, बेंगलुरु की मौजूदा हालत।' आर. अशोक ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि उसने इस पहल को सिर्फ प्रचार पोस्टरों और विज्ञापनों तक सीमित कर दिया है, जबकि खराब नागरिक प्रबंधन के कारण निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बेंगलुरु विकास मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा को भी निशाना बनाया और बिगड़ती स्थिति के बीच उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। आर. अशोक ने आरोप लगाया कि मंत्री जनता की शिकायतों पर ध्यान देने के बजाय सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने पूछा, क्या आपका काम सिर्फ कैमरों के सामने भाषण देना और सोशल मीडिया पर वीडियो बनाना है? जब आम लोग जलमग्न सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं और कचरे की दुर्गंध में सांस ले रहे हैं, तब आप कहां हैं? शहर की नागरिक समस्याओं को गिनाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि अंडरपास में जलभराव से वाहन चालकों को खतरा है, जबकि कचरे के उचित निपटान की व्यवस्था न होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन और राज्य सरकार की गैरजिम्मेदारी को लेकर जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

अजय देवगन के जुहू बंगले में अवैध निर्माण, बीएमसी ने गिराया हिस्सा

डेली आवाज भारती

मुंबई । अभिनेता अजय देवगन के मुंबई के जुहू स्थित बंगले के कुछ हिस्सों को बीएमसी द्वारा गिरा दिया गया है। इससे कुछ दिन पहले अभिनेता को %अनधिकृत% निर्माण को लेकर काम रोकने का नोटिस दिया गया था। मुंबई के जुहू इलाके में अजय देवगन का बंगला 7,802 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है, जो कपोल को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी (जेवीपीडी स्कीम, एन. एस. रोड नंबर 11, प्लॉट एस-10) में स्थित है। बीएमसी के अनुसार, इस बंगले के अंदर बिना अनुमति के कई बदलाव (जैसे अंदरूनी फेरबदल, पार्टिशन वॉल और खिड़कियों में बदलाव) किए जा रहे थे। रिपोर्ट के



मुताबिक, बीएमसी ने 10 सितंबर 2026 को मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट की धारा 354ए के तहत नोटिस जारी किया था। नोटिस में तुरंत निर्माण कार्य रोकने और जरूरी परमिशन के साथ संबंधित दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया गया था। नगर निगम के मुताबिक, नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुका। इसके बाद बीएमसी ने बंगले में कथित तौर पर किए गए कुछ अनधिकृत निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की। हालांकि, अजय देवगन अपने परिवार के साथ जुहू में ही 'शिवशक्ति' नामक दूसरे बंगले में रहते हैं।अभिनेता की बात करें, तो उनकी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम-3' सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने पहले दिन ऐतिहासिक कमाई की। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित फिल्म में अजय देवगन (विजय सलगांवकर), तब्बू (मीरा देशमुख), श्रिया सरन (नंदिनी), जयदीप अहलावत (राजवीर सिंह तोमर), रजत कपूर जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं।

FSSAI का प्रस्ताव: 6 महीने तक के शिशुओं के खाद्य उत्पादों में चीनी मिलाने पर लगेगी रोक

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । शिशुओं के लिए पोषण संबंधी सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 'खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य पदार्थ) विनियम, 2020' में संशोधन का एक मसौदा प्रकाशित किया है। इसमें 6 महीने तक के शिशुओं के लिए बनाए गए खाद्य उत्पादों में सुक्रोज और फरुक्टोज मिलाने पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। 16 अक्टूबर 2026 को भारत के राजपत्र (गजट) में प्रकाशित 'खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य पदार्थ) संशोधन विनियम, 2026' का उद्देश्य मौजूदा नियामक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शिशु पोषण उत्पाद उनकी उम्र के हिसाब से जरूरी पोषक तत्वों के आधार पर तैयार किए जाएं, जिसमें जीवन के शुरुआती चरणों के दौरान %एडेड शुगर% के सेवन को कम करने पर विशेष जोर दिया गया है।

मौजूदा नियमों में जन्म से लेकर 24 महीने तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के शिशु पोषण उत्पादों की पोषण संरचना, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान नियमों के तहत, कार्बोहाइड्रेट के स्रोत के रूप में लैक्टोज और ग्लूकोज पॉलिमर को प्राथमिकता दी जाती है जबकि सुक्रोज या फरुक्टोज को केवल तभी मिलाया जा सकता है जब कार्बोहाइड्रेट के स्रोत के रूप में उनकी आवश्यकता हो और वह भी निर्धारित सीमा के भीतर। इन्हीं नियमों को आगे बढ़ाते हुए, संशोधन के इस मसौदे में 6 महीने तक के शिशुओं के लिए उत्पादों में सुक्रोज और फरुक्टोज मिलाने पर एक विशेष प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित नियम में कहा गया है कि ÷6 महीने तक की उम्र के शिशुओं के लिए बनाए गए उत्पादों में सुक्रोज और फरुक्टोज नहीं मिलाया जाना चाहिए। जीवन के पहले 6 महीने स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवधि होते हैं, इसलिए इस दौरान उचित पोषण मिलना विशेष रूप से आवश्यक है। प्रस्तावित प्रतिबंध का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिशुओं के पोषण उत्पादों में सुक्रोज और फरुक्टोज की अनावश्यक मात्रा मिलाए बिना इस आयु वर्ग की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जाए। इस कदम का मकसद सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी उन व्यापक कोशिशों को समर्थन देना भी है, जो बच्चों के शुरुआती जीवन में अतिरिक्त शर्करा के सेवन से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए की जा रही हैं। इसमें बचपन में मोटापे और उससे जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम कारकों को कम करना भी शामिल है। यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी उन स्थापित सिफारिशों को और मजबूत करती है, जो जीवन के पहले छह महीनों में केवल स्तनपान कराने को बढ़ावा देती हैं।

शोक समाचार



सरोज बाला निर्मित पाठ का भोग आज

बरनाला/गोपाल: भाजपा नेता प्रेम सेठा की धर्मपत्नी तथा समाजसेवी दिनेश कुमार जौली की माता सरोज बाला निर्मित रखे श्री गरुड़ पुराण जी के पाठ का भोग तथा श्रद्धांजलि समारोह आज दोपहर 1 बजे शांति हॉल रामबाग बरनाला में पड़ेगा।

CMYK

page 8_Layout 1 17-10-2026 21:31 Page 1

सुनील जाखड़ ने अमित शाह को लिखा पत्र

पंजाब की जेलों से चल रहे ड्रग्स कारोबार की एनआईए-ईडी जांच की मांग

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पंजाब की जेलों से चल रहे ड्रग्स के कारोबार की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने ड्रग्स से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी से कराने की भी मांग की है। सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि उन्होंने गृह मंत्री से पंजाब की जेलों से सरकारी संरक्षण में चल रहे ड्रग कारोबार की एनआईए जांच और ड्रग्स की बिक्री के आरोप में गिरफ्तार ड्रग इंस्पेक्टर से जब्त बड़ी रकम समेत मनी लॉन्ड्रिंग की ईडी जांच का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को ड्रग्स की मार से बचाने के लिए ये जांच जरूरी है, जिसे रोकने में भगवंत मान सरकार बुरी तरह फेल रही है। सुनील जाखड़ ने पत्र में कहा है कि पंजाब में ड्रग्स के कारण हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। मानसा की घटना में एक युवक को ड्रग्स की बिक्री का विरोध करने पर गोली मार दी गई थी और गृह मंत्रालय ने इस पर



पंजाब सरकार के मुख्य सचिव से जवाब भी मांगा था। भाजपा नेता ने मानसा से जुड़े एक अन्य मामले का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि 2024 में पंजाब पुलिस ने मानसा में तैनात रहे एक ड्रग इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया था और उसके पास से करोड़ों की संपत्ति बरामद की थी। इसमें 24 बैंक खातों में 7.09 करोड़ रुपए, दो बैंक लॉकर, 1.49 करोड़ कैश, 260 ग्राम सोना, विदेशी मुद्रा और 2.40 करोड़ की अचल संपत्ति शामिल थी। पंजाब के डीजीपी ने खुद कहा था कि यह ड्रग इंस्पेक्टर जेल में बंद तस्करों के साथ मिलकर गैंग का सरगना बनकर ड्रग्स की बिक्री करवा रहा था। सुनील जाखड़ ने कहा कि यह मामला जेलों से चल रहे ड्रग तस्करी नेटवर्क, सीमा पार तस्करी से लिंक और करोड़ों की चल-अचल संपत्ति से जुड़ा है, इसलिए इसकी मनी लॉन्ड्रिंग जांच बनती है। लेकिन पंजाब सरकार ने न तो एनआईए जांच की मांग की और न ही इसे ईडी को रेफर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बेल मिलने के बाद आम आदमी पार्टी सरकार ने न सिर्फ इस ड्रग इंस्पेक्टर को नौकरी पर बहाल कर दिया, बल्कि विभाग के हेडक्वार्टर में अहम पद पर भी लगा दिया। पत्र में सुनील जाखड़ ने मांग की है कि ड्रग इंस्पेक्टर शीशम कुमार से जुड़े इस केस की जांच एनआईए और ईडी से कराई जाए ताकि इस गैंग के पीछे के लोगों की पहचान हो सके। यह भी पता लगाया जाए कि ड्रग केस में गिरफ्तार होने के बावजूद इस इंस्पेक्टर को, जो %आप% सरकार के लिए अवैध कमाई का जरिया बना हुआ है, किसके कहने पर अहम पोस्टिंग दी गई। इससे सरकारी संरक्षण में जेलों से चल रहे इस धंधे पर कार्रवाई हो सकेगी और मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा होगा।

गुरदासपुर में ड्रग हॉटस्पॉट जागरूकता मुहिमः

एसएसपी-एडीसी ने किया दौरा; 'युद्ध नशों विरुद्ध' और पराली न जलाने की मुहिम छेड़ी



डेली आवाज भारती

गुरदासपुर जिले को नशा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सिविल व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से प्रयास तेज कर दिए हैं। एसएसपी गुरदासपुर आदित्य और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर गुरसिमरन सिंह ढिल्लों ने जिले के संवेदनशील इलाकों का विशेष दौरा किया। प्रशासनिक टीम ने गुरदासपुर के इस्लामाबाद मोहल्ले (श्मशानघाट के पास) और गांव बब्बेहाली जैसे संवेदनशील नशा हॉटस्पॉट इलाकों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ एसपी हेडक्वार्टर मनिंदर पाल सिंह और डीएसपी शाहबाज सिंह भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान एसएसपी आदित्य ने स्थानीय निवासियों से सीधे बातचीत की और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दलदल से निकालने के लिए खेलों की तरफ प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नशा हॉटस्पॉट इलाकों में बुनियादी नागरिक सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी। एडीसी गुरसिमरन सिंह ढिल्लों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में 'युद्ध नशों विरुद्ध' और किसानों को पराली न जलाने के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे जिले को नशा और प्रदूषण से मुक्त बनाने में प्रशासन का बढ़-चढ़कर साथ दें।

नशा मुक्ति मुहिम को लेकर प्रशासन ने की बैठक, नशे के खिलाफ जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर



नशा मुक्ति मुहिम को गति देने और पंजाब को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी, डीएसपी, एडीसी, एसडीएम, ईओ, बीडीपीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नशे के खिलाफ चलाए जा रहे प्रयासों को और प्रभावी बनाने, लोगों को जागरूक करने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने नशे की रोकथाम के लिए जनभागीदारी बढ़ाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम से जोड़ने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करना और स्वस्थ एवं नशा मुक्त पंजाब के निर्माण की दिशा में प्रयास तेज करना रहा।

रात के अंधेरे में रेत-बजरी की खदान पर पहुंचे चन्नी, अवैध खनन का लगाया आरोप

टिपर ट्रक में सवार होकर रोपड़ के खनन स्थल पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, प्रशासन की कार्रवाई पर उठाए सवाल

डेली आवाज भारती

रोपड़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जालंधर से कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने रोपड़ जिले में सतलुज नदी के पास कथित अवैध रेत-बजरी खनन का मामला उठाया है। चन्नी 15-16 अक्टूबर की रात कांग्रेस नेता बरिंदर सिंह ढिल्लों और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ खनन स्थल पर पहुंचे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वह टिपर ट्रक में सवार होकर वहां पहुंचे थे।

चन्नी ने दावा किया कि रात करीब एक बजे मौके पर पोकलेन मशीनों से रेत निकाली जा रही थी और रेत-बजरी भरवाने के लिए टिपर ट्रकों की कतारें लगी हुई थीं। उनके अनुसार, उन्हें देखकर कुछ चालक वाहन और मशीनें छोड़कर



वहां से चले गए। डीसी को फोन करने के बावजूद कार्रवाई में देरी का आरोप चन्नी ने दावा किया कि उन्होंने रोपड़ के डिप्टी कमिश्नर को फोन कर खनन की जानकारी दी और मौके पर अधिकारियों को भेजने की मांग की, लेकिन उनके अनुसार काफी समय तक कोई अधिकारी वहां नहीं पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस गतिविधि से सरकारी खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

जांच की मांग, सरकार से मांगा जवाब

पूर्व मुख्यमंत्री ने पंजाब में खनन से 20,000 करोड़ सालाना राजस्व जुटाने के दावे पर सवाल उठाते हुए पूछा कि खनन से प्राप्त होने वाला पैसा सरकारी खजाने में कितना जमा हो रहा है। उन्होंने कथित अवैध खनन की जांच की मांग भी की। चन्नी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी सरकार और कुछ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि, ये आरोप उनके दावों पर आधारित हैं। उपलब्ध रिपोर्टों में इस घटनाक्रम पर रोपड़ प्रशासन और राज्य सरकार का आधिकारिक पक्ष स्पष्ट नहीं है।

मानसा अस्पताल पहुंचे विधायक विजय सिंगला का विरोध, निहंगों ने लगाए मुर्दाबाद के नारे

डेली आवाज भारती

मानसा। नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में मानसा का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। शनिवार को मानसा के विधायक डॉ. विजय सिंगला सिविल अस्पताल में गोलीबारी की घटना में घायल युवकों का हाल जानने पहुंचे, लेकिन अस्पताल से बाहर निकलते समय उन्हें प्रदर्शनकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर को परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दौरान कुछ अन्य लोग भी गोली लगने से घायल हुए थे, जिनमें से दो का इलाज मानसा के सिविल अस्पताल में चल रहा है। शनिवार को विधायक डॉ. विजय सिंगला घायलों का हालचाल जानने और उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों को भरोसा दिलाया कि उनके इलाज का पूरा खर्च सरकार की ओर से उठाया जाएगा। विधायक जब अस्पताल से वापस जाने लगे, तो वहां मौजूद निहंग सिंहों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने उनका विरोध शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार और विधायक के खिलाफ नारेबाजी की तथा उनकी गाड़ी को घेर लिया। स्थिति तनावपूर्ण होने के कारण पुलिस प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को हटाकर विधायक को सुरक्षित अस्पताल परिसर से बाहर निकाला।



घटना के बाद से जारी है विरोध

परविंदर सिंह झोटा की हत्या के बाद से ही मानसा में रोष का माहौल है। प्रदर्शनकारी मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। अस्पताल पहुंचे विधायक के विरोध के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाए कि घटना के बाद घायलों का हाल जानने के लिए पहले कोई क्यों नहीं पहुंचा। इस बीच, प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया।

चंडीगढ़ में 200 करोड़ के सरकारी टेंडरों पर सीबीआई का शिकंजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ में 200 करोड़ के सरकारी टेंडरों पर सीबीआई का शिकंजा

चंडीगढ़। सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती से जुड़े करीब 200 करोड़ रुपये सालाना के टेंडर अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) की जांच के दायरे में हैं। टेंडर हासिल करने के लिए कथित तौर पर फर्जी अनुभव प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों के बीच सीबीआई ने चंडीगढ़ में चार ठिकानों पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने इस दौरान कई दस्तावेजों की पड़ताल की और लैपटॉप व कंप्यूटर सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। मामले में आरोप है कि एक ही परिवार से जुड़ी चार कंपनियों ने कथित तौर पर फर्जी अनुभव प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी टेंडर हासिल करने के लिए अपनी पात्रता साबित



की। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि कंपनियों की ओर से प्रस्तुत किए गए अनुभव प्रमाणपत्र वास्तविक थे या उनमें किसी तरह की हेराफेरी की गई थी। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि अभी जांच के बाद ही हो सकेगी। सीबीआई की टीमों ने सेक्टर-23, सेक्टर-38 वेस्ट और सेक्टर-40 स्थित आवासों के अलावा सेक्टर-34 के एक कार्यालय में तलाशी ली। इस दौरान संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई और डिजिटल साक्ष्य जुटाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। इन उपकरणों में मौजूद रिकॉर्ड की जांच से टेंडर प्रक्रिया और कंपनियों के बीच संभावित संबंधों को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है। इस मामले में सीबीआई ने 13 अक्टूबर 2026 को एफआईआर नंबर 26 दर्ज की थी। अब जांच का अगला चरण जब्त किए गए लैपटॉप, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड की पड़ताल से जुड़ा है। एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि टेंडर के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों का पालन किया गया था या दस्तावेजों के माध्यम से नियमों को दरकिनार करने की कोशिश हुई थी।

सरकारी खजाने और भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल

करीब 200 करोड़ रुपये सालाना के टेंडरों से जुड़ा यह मामला सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिहाज से महत्वपूर्ण है। जांच में यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि कथित अनियमितताओं से सरकारी विभागों या खजाने को किसी प्रकार का नुकसान हुआ या नहीं और इस पूरी प्रक्रिया में किन लोगों की भूमिका रही। फिलहाल, सीबीआई की कार्रवाई जांच का हिस्सा है। संबंधित कंपनियों के खिलाफ लगाए गए आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं। मामले में अंतिम निष्कर्ष जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही सामने आएगा।

खरड़ में पुलिसकर्मी पर हमला, एएसआई की वर्दी फाड़ी और डंडे से किया वार

खरड़ में पुलिसकर्मी पर हमला, एएसआई की वर्दी फाड़ी और डंडे से किया वार

डेली आवाज भारती

- मोबाइल फोन भी तोड़ा, हिमाचल प्रदेश के दो युवक गिरफ्तार; अन्य आरोपियों की तलाश जारी

खरड़। पंजाब में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। खरड़ के औरा सिटी के पास 10 अक्टूबर की रात गश्त के दौरान पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने स्टू अवतार सिंह की वर्दी फाड़ दी, उनकी टांग पर डंडे से वार किया और मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के दो युवकों, रितिक और रितिक कुमार को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात PCR टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने दो व्यक्तियों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया है। आरोप है कि दोनों के सिर पर चोटें आई थीं और उनकी बुलेट मोटरसाइकिल भी छीन ली गई थी। सूचना मिलने के बाद स्टू अवतार सिंह और हेड कांस्टेबल छिंदर सिंह संदिग्धों की तलाश में मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर दो गाड़ियां मिलीं। इनमें से एक गाड़ी मौके से फरार हो गई, जबकि दूसरी एक ट्रक की आड़ में खड़ी थी। वहां मौजूद कुछ लोग कथित तौर पर शराब पी रहे थे और हंगामा कर रहे थे। पुलिस शिकायत के अनुसार, जब पुलिसकर्मियों ने वहां मौजूद लोगों को पूछताछ के लिए थाने चलने को कहा तो विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज की गई और उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गई। इसी दौरान स्टू अवतार सिंह की वर्दी फाड़ने, उनकी टांग पर डंडे से हमला करने और उनका मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने इस मामले में हिमाचल प्रदेश के दो युवकों रितिक और रितिक कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के आधार पर की जा रही है।

पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

इस घटना ने पुलिसकर्मियों की सुरक्षा और कानून के प्रति लोगों के डर को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि गश्त के दौरान ड्यूटी निभा रहे पुलिसकर्मियों के साथ ही कथित तौर पर मारपीट की घटनाएं सामने आती हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है। अब देखना होगा कि पुलिस फरार आरोपियों को कब तक गिरफ्तार करती है और मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।

विरोधियों ने सत्ता की कुर्सी को समझा पुश्तैनी जागीर

हमारी सरकार के लिए यह जनता की सेवा की जिम्मेदारी : भगवंत मान

- विरोधियों ने सत्ता की कुर्सी को समझा पुश्तैनी जागीर, हमारी सरकार के लिए यह जनता की सेवा की जिम्मेदारी : भगवंत मान
- मुख्यमंत्री बोले–महलों की हिफाजत नहीं, पंजाबियों के हक और सूबे के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता

डेली आवाज भारती

होशियारपुर।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पारंपरिक राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी पार्टियां सत्ता की कुर्सी को हमेशा अपनी पुश्तैनी जागीर समझती रही हैं, जबकि उनके लिए यह कुर्सी पंजाब के लोगों की



ओर से सौंपी गई सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी के महलों की हिफाजत करना नहीं, बल्कि आम लोगों के अधिकारों की रक्षा करना और पंजाब के हितों के लिए काम करना है। मुख्यमंत्री के इस बयान में पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था और परिवारवाद की राजनीति पर निशाना दिखाई देता है। मान लगातार यह दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार की प्राथमिकता सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने विभिन्न मौकों पर विपक्षी दलों पर पंजाब के संसाधनों और सत्ता को लेकर राजनीति करने के आरोप भी लगाए हैं। मान ने अपने राजनीतिक रुख के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि सरकार में बैठे लोगों की जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। पंजाब के हितों, लोगों के अधिकारों और जनकल्याण से जुड़े फैसलों को प्राथमिकता देना ही सार्वजनिक सेवा का वास्तविक उद्देश्य है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 14 अक्टूबर को होशियारपुर जिले के चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के हरखोवाल गांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया था। इस दौरान पंजाब में 154 नए आम आदमी क्लीनिक जनता को समर्पित किए गए।

डेरा बाबा नानक में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई

खेतों से 3.020 किलो हेरोइन और 1.220 किलो अफीम बरामद



डेली आवाज भारती

बटाला/डेरा बाबा नानक। पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 200वीं बटालियन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव तलवंडी हिंदुआं के खेतों से एक संदिग्ध पैकेट बरामद किया है। पैकेट की जांच करने पर उसमें से 3.020 किलोग्राम हेरोइन और 1.220 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। बरामद सामग्री का कुल वजन मिट्टी और पैकिंग सहित 4 किलो 820 ग्राम बताया गया है। जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर 2026 की देर रात विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ की 200वीं बटालियन ने गांव तलवंडी हिंदुआं के खेतों में तलाशी अभियान चलाया। यह क्षेत्र थाना डेरा बाबा नानक, पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत आता है। तलाशी के दौरान जवानों को पीले रंग का एक संदिग्ध पैकेट मिला। सूचना मिलने पर थाना डेरा बाबा नानक के एसएचओ एसआई अशोक कुमार पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बीएसएफ अधिकारियों ने बरामद संदिग्ध पैकेट पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, पैकेट खोलने पर उसमें से 3.020 किलोग्राम हेरोइन और 1.220 किलोग्राम अफीम बरामद हुई।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति (HPEC) ने पोर्टल लॉन्च किया

प्रभावित लोग दर्ज करा सकेंगे शिकायतें

डेली आवाज भारती

माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने जुलाई 2026 के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर और दिल्ली के बाहर विभिन्न स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति (HPEC) का गठन किया था। प्रभावित लोगों, जिनमें प्रभावित पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, की सुविधा के लिए HPEC ने एक पोर्टल लॉन्च किया है। HPEC, माननीय सुप्रीम कोर्ट के 18 अगस्त 2026 के आदेश के पैराग्राफ 12 और 13 तथा 10 सितंबर 2026 के आदेश के पैराग्राफ 5(i) में उल्लिखित सभी मुद्दों की जांच करेगी। इनमें पैलेट गन के इस्तेमाल, लक्षित हिंसा, महिला प्रदर्शनकारियों के उत्पीड़न तथा दोनों पक्षों की ओर से की गई अत्यधिक हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पोर्टल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि संवेदनशील गवाहों को उचित सुरक्षा प्रदान की जा सके। साथ ही, यदि प्रभावित व्यक्ति चाहे, तो उसकी पहचान को गोपनीय और सार्वजनिक रूप से उजागर होने से सुरक्षित रखा जा सके। प्रभावित व्यक्तियों और अन्य संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे इस पोर्टल पर जाकर



निर्धारित प्रारूपों का उपयोग करते हुए अपनी शिकायतें या अपना पक्ष दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त, जो भी व्यक्ति 18 अगस्त 2026 और 10 सितंबर 2026 के आदेशों के तहत HPEC को सौंपे गए मुद्दों से संबंधित कोई जानकारी या सुझाव देना चाहता है, वह भी इसी पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी साझा कर सकता है। जो लोग अपनी शिकायतें, अपना पक्ष या अन्य संबंधित दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना चाहते हैं, वे सभी कार्यदिवसों में दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच HPEC कार्यालय में जा सकते हैं। कार्यालय का पता– HPEC कार्यालय, शिक्षा सदन, 17, राउज़ एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली – 110002।